स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शुक्रवार, 15 अगस्त 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छः और ग्यारह पर

कोलकाता, भाद्रपद कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 16, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : सब कुछ सीखना ही ज्ञान नहीं है कुछ नजरअंदाज करना भी ज्ञान है।

## DELHI PUBLIC SCHOOL HOWRAH
(Affiliated to CBSE)

## BUILDING FUTURE READY MINDS
Cultivating Curiosity, Creativity and an Entrepreneurial Spirit

## NURSERY TO CLASS IX & XI
Science | Commerce | Humanities

## ADMISSIONS OPEN
2026 - 2027

**Unique Features**

- Academic Excellence
- Value Driven
- Whole Brain Thinkers
- 21st Century Skill Lab

**Waivers On Admission Fees**

Girl Child Offer | Sibling Offer | Balvatika Offer

Transport facility - School Bus with CCTV GPS Tracker and Lady Attendants

A campus with 24x7 CCTV Surveillance and Security

**REGISTER NOW**
www.dpshowrah.in

**FACILITIES**
- Digital Classrooms
- Well-equipped Science Laboratories
- 3D Printing Lab
- Maths Lab
- Robotics Lab
- Swimming Pool
- Basketball Court
- Multiple Libraries
- Amphitheatre
- In House Counselling Psychologist and Special Educator

**SPORTS**
- Skating
- Basket Ball
- Swimming
- Karate
- Chess
- Yoga
- Throwball
- Indigenous Games

**CLUB ACTIVITIES**
- Debate and MUN
- Film Making and Theatre
- Culinary Arts
- Public Speaking and Confidence Building
- Quiz
- Vedic Maths



A school that balances Artificial Intelligence and Natural Intelligence

Awarded the No.1 CBSE School in Howrah
As Per Education World India School Ranking Survey 2024

Call For Registration
18002127822

admission@dpshowrah.in
Domjur, Amta Road, Howrah 711405

## दिल्ली-एनसीआर में अभी चलेंगे पुराने वाहन

सुप्रीमकोर्ट ने फिलहाल दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उन वाहन मालिकों को राहत दी है, जिनके वाहनों के खिलाफ पहले कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। दरअसल, प्रदूषण संकट के मद्देनजर इन क्षेत्रों में दस वर्ष से अधिक के डीजल व पंद्रह वर्ष से अधिक के पेट्रोल वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने का निर्णय हुआ था। मंगलवार को शीर्ष अदालत ने ऐसे वाहनों के मालिकों को राहत देते हुए अधिकारियों को दंडात्मक कार्रवाई रोकने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट एनजीटी के निर्देश को बरकरार रखने वाले 29 अक्तूबर 2018 के फैसले को वापस लेने की मांग से संबंधित याचिका पर विचार कर रहा था। दरअसल, एनजीटी के आदेश के अनुरूप ही वाहनों को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए थे। एनजीटी ने आदेशों के अनुपालन न करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल का कोर्ट से आग्रह था कि दंडात्मक कदम रोकने के आदेश पर विचार किया जाए। कोर्ट ने इस बाबत चार सप्ताह में जवाब देने की बात कही है। दरअसल, दिल्ली सरकार की भी ऐसी मंशा थी, जिसने प्रतिबंध को अदालत में चुनौती दी थी। वास्तव में सत्ताधीशों को आशंका थी कि इस फैसले का व्यापक विरोध हो सकता है क्योंकि लोगों को औने-पौने दामों में महंगे वाहन बेचने को बाध्य होना पड़ता। जिससे उपजा आक्रोश ट्रिपल इंजन सरकार के लिये राजनीतिक रूप से नुकसानदायक साबित हो सकता है। कोर्ट का यह भी कहना था कि केंद्र सरकार व गुणवत्ता प्रबंधन आयोग गंभीर अध्ययन करें ताकि अवधि आधारित प्रतिबंधों के मुकाबले उत्सर्जन आधारित मानदंडों का पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन हो सके। दरअसल, आम मध्यमवर्गीय परिवारों में कार का इस्तेमाल कम होता है और वे अपनी आर्थिक सीमाओं के चलते वाहनों को लंबी अवधि तक बड़े कायदे से रखते हैं। उनका वाहन अधिक वर्षों तक चलता है लेकिन उसके उपयोग की अवधि कम होती है।

निस्संदेह, एक आम भारतीय के लिए कार आत्मीय अहसासों का प्रतीक भी है, जिसे वह आमतौर पर जीवन में एक बार ही खरीद पाता है। ऐसे में आत्मीय अहसासों से जुड़ी कार को औने-पौने दामों में बेचना उसके लिये कष्टकारी है। वैसे भी आजकल तमाम लोग भीड़-भाड़ से बचने के लिये टैक्सी का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में वाहन लंबे समय तक प्रदूषण रहित जीवन पा सकता है। दरअसल, दिल्ली सरकार का भी मानना था कि वाहनों की समय सीमा संबंधी नीति लागू करते वक्त इसके निर्माण वर्ष के बजाय वास्तविक इस्तेमाल के मानक पर विचार करें। दरअसल, दिल्ली सरकार ने जनाक्रोश के चलते इसे संवेदनशील विषय मानकर अपने नजरिये में बदलाव किया। पहले जारी निर्देश में कहा गया था कि ऐसे वाहनों को एक जुलाई से दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाएगा, चाहे वे किसी भी राज्य में पंजीकृत हों। लेकिन व्यावहारिक दिक्कतों व लोगों के रोष के मद्देनजर इसे क्रियान्वित नहीं किया जा सका था। सरकार ने महसूस किया कि फैसला प्रतिगामी साबित हो सकता है। यह भी कि कदम समय से पहले उठा लिया गया। इस फैसले के क्रियान्वयन से जुड़ी परिचालनगत चुनौतियां भी सामने आई। जनाक्रोश के चलते राज्य सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से इस कार्रवाई पर रोक लगाने का आग्रह किया। फिर आयोग ने समीक्षा बैठक के बाद फैसले पर फौरी तौर पर रोक लगाई। वैसे भविष्य में भी इस फैसले पर यदि अमल होता है तो सरकार को वाहन मालिकों का गुस्सा झेलना होगा। दरअसल, इस सख्त फैसले से किसी वाहन के बचने की उम्मीद नहीं है। वास्तव में ये वाहन स्वामियों के लिये एक भावनात्मक मुद्दा बन चुका है। वे मानते हैं कि उन्होंने अपने वाहन की कायदे से मेंटेनेंस की है और उन्हें प्रदूषण न फैलाने के बावजूद सजा दी जा रही है। निस्संदेह, पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखना हर नागरिक का दायित्व है, लेकिन इस संवेदनशील मुद्दे को वाहन स्वामियों के नजरिये से भी देखा जाना चाहिए। यह भी मानकर चलना चाहिए कि इस फैसले के क्रियान्वयन से नये वाहन खरीदने पर मध्यम व निम्न वर्ग पर आर्थिक बोझ पड़ेगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 अगस्त, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद कृष्णपक्ष सप्तमी, 23:50 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 07:35 तक, योग : गांदा, 10:13 तक, सूर्योदय: 5:13, सूर्यास्त: 18:09, चन्द्रोदय : 22:12, चन्द्रास्त: 10:55, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 10:04 से 11:40

## राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र में मधुर वाणी का प्रयोग करने से आपको लाभ मिलेगा और सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार के मामले में पुराने मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा और आगे बढ़ने के नए मार्ग दिखेंगे।

**वृष :** कार्यक्षेत्र में आपको अपनी निर्णय लेने की क्षमता से लाभ प्राप्त हो सकता है और रुके हुए जरूरी काम भी पूरे होने लगेंगे। कोई चोट लगने की संभावना बनी हुई है।

**मिथुन :** आपको दिन में शरीर से जुड़ी किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है और इसका प्रभाव आपके कामकाज पर भी पड़ सकता है। धार्मिक कार्यों में भी रुचि बढ़ेगा।

**कर्क :** व्यापार के मामले में दिन शुभ रहेगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम करने से अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह :** आपका दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक तनाव और अशांति बनी रहने की संभावना है, जिसके चलते काम में भी आपको समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में आप साहसी फैसले लेंगे और कठिन कार्यों को भी आसानी पूरा कर लेंगे। ऐसे में तनाव भी कुछ हद तक कम हो सकता है। व्यापार में धन लाभ होने की संभावना बनी हुई है।

**तुला :** कारोबार और नौकरी के मामले में दिन शुभ रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। इससे मन प्रसन्न रहेगा। दिन शुभ रहने वाला है।

**वृश्चिक :** किसी बात को लेकर आपका मन अशांत रह सकता है, जिसका असर कार्यक्षेत्र में आपके कामकाज पर भी देखने को मिलेगा। धैर्य बनाए रखने से आपको सफलता जरूर मिलेगी।

**धनु :** आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में लाभ कमाने से आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है ज्ञान में वृद्धि होगी।

**मकर :** बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है, लेकिन इसके साथ-साथ कुछ अनावश्यक खर्चे भी बढ़ सकते हैं। ऐसे में बजट बनाकर चलना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कुम्भ :** व्यापार को लेकर आपके मन में नई योजनाएं आ सकती हैं और इसे लेकर चर्चाएं भी होना संभव है। सांसारिक सुख के साधनों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**मीन :** समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है और मनोबल भी बढ़ेगा। अगर कार्यक्षेत्र में लंबे समय से आपका कोई काम अटका हुआ था तो वह अब पूरी हो सकता है।

# आजादी के 78 वर्षों में कितने बदले लोकतंत्र के हालात?



योगेश कुमार गोयल

प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें, जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है? संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढ़ाई लाख रुपये बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होते हैं। अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है, ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध, हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करोड़ रुपये से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।

गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षों की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है। आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। 'सैयां भये कोतवाल तो डर काहे का' कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले

### स्वतंत्रता दिवस पर विशेष

आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए?

आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्रायः कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ये बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है।

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ये आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है? क्या भोजन, कपड़ा और रहने की व्यवस्था, बीमारी से बचाव, भय-आतंक, शोषण व असुरक्षा से छुटकारा, साक्षर एवं शिक्षित होने के पर्याप्त अवसर मिलना और अन्य ऐसी ही कई बातें मानव के बुनियादी अधिकार नहीं हैं? क्या शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के संघर्ष को मानव का बुनियादी अधिकार नहीं माना जाना चाहिए? लोकतंत्र के हाशिये पर खड़ी देश की जनता को इस दिशा में फिर से मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह किस तरह की आजादी की पक्षधर है? आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके। इस तरह के परिवेश पर सभी देशवासियों को आजादी के इस पावन पर्व पर सच्चे मन से मंथन कर सही दिशा में संकल्प लेने की भावना जागृत करनी होगी, तभी आजादी के वास्तविक स्वरूप को परिलक्षित किया जा सकेगा। (लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# स्वाधीनता का अर्थ है ऐसी आजादी जो व्यक्ति और राष्ट्र को सशक्त बनाए



संदीप सृजन

हम भारतीय लोगों की स्वतंत्रता स्वच्छंदता में नहीं बदले,बल्कि स्व-ाधीनता में रुपांतरीत हो यह वाक्य भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के मूल सिद्धांतों को प्रतिबिंबित करता है। यह महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित है, जहां उन्होंने स्वतंत्रता को मात्र राजनीतिक आजादी तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे आत्म-नियंत्रण, आत्म-निर्भरता और नैतिक जिम्मेदारी से जोड़ा। स्वतंत्रता का अर्थ है गुलामी से मुक्ति, लेकिन यदि यह स्वच्छंदता में बदल जाए, तो यह समाज के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। इसके विपरीत, स्वाधीनता का अर्थ है ऐसी आजादी जो व्यक्ति और राष्ट्र को सशक्त बनाए, जहां स्वतंत्रता का उपयोग सामूहिक कल्याण के लिए हो। यह उद्धरण आज के भारत के लिए अत्यंत प्रासंगिक है, जहां हम 78 वर्षों से स्वतंत्र हैं, लेकिन क्या हमारी स्वतंत्रता स्वाधीनता में रूपांतरित हो पाई है?

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की जड़ें गहरी हैं। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 1947 की आजादी तक, लाखों भारतीयों ने बलिदान दिए। लेकिन महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता को मात्र ब्रिटिश शासन से मुक्ति नहीं माना हिंद स्वराज में उन्होंने स्पष्ट किया कि सच्ची स्वतंत्रता आत्म-शासन है, जहां व्यक्ति अपने मन, शरीर और आत्मा पर नियंत्रण रखे। गांधीजी ने कहा था कि स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि हम जो चाहें करें, बल्कि यह कि हम सही कार्य करें। इसी क्रम में, स्वच्छंदता का खतरा उन्होंने चेतावनी के रूप में उठाया। स्वच्छंदता वह स्थिति है जहां व्यक्ति बिना किसी नैतिक बंधन के कार्य करता है, जो अराजकता को जन्म देती है।

1942 के क्विट इंडिया आंदोलन में गांधीजी ने कहा, हम भारत को आजाद करेंगे या प्रयास में मर जाएंगे। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि आजादी के बाद भारतीयों को स्वच्छंद नहीं होना चाहिए। उदाहरणस्वरूप, गांधीजी ने ग्राम स्वराज की अवधारणा दी, जहां गांव आत्म-निर्भर हों। यह स्वाधीनता का प्रतीक है, जहां स्वतंत्रता आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आत्म-निर्भरता में बदल जाए। नेहरू, पटेल और अन्य नेताओं ने भी इस विचार को अपनाया। नेहरू की डिस्कवरी ऑफ इंडिया में स्वतंत्रता को रचनात्मक ऊर्जा के रूप में देखा गया, न कि विनाशकारी स्वच्छंदता के रूप में।

ऐतिहासिक रूप से, कई राष्ट्रों में स्वतंत्रता स्वच्छंदता में बदल गई। फ्रांसीसी क्रांति (1789) ने स्वतंत्रता दी, लेकिन स्वच्छंदता के कारण रक्तपात हुआ। रूसी क्रांति (1917)

### स्वतंत्रता से स्वाधीनता की ओर:

में भी यही हुआ। भारत ने इससे सीख ली। संविधान सभा में डॉ. आंबेडकर ने कहा कि स्वतंत्रता का दुरुपयोग लोकतंत्र को नष्ट कर सकता है। इसलिए, भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्य भी जोड़े गए, ताकि स्वतंत्रता स्वच्छंदता न बने।

स्वतंत्रता का अर्थ है बाहरी बंधनों से मुक्ति। भारत में यह ब्रिटिश उपनिवेशवाद से आजादी थी। लेकिन यदि यह स्वच्छंदता में बदल जाए, तो व्यक्ति समाज के नियमों को ताक पर रख देता है। स्वच्छंदता वह है जहां मैं जो चाहूं, करूं का सिद्धांत हावी हो। इसके विपरीत, स्वाधीनता आत्म-निर्भरता है। यह आत्मनिर्भर भारत अभियान की तरह है, जहां स्वतंत्रता उत्पादकता में बदलती है। स्वाधीनता में व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों को समझता है। प्लेटो की रिपब्लिक में स्वतंत्रता को न्याय से जोड़ा गया, जहां बिना नियंत्रण की आजादी अराजकता है। भारतीय दर्शन में, गीता कहती है: योग: कर्मसु कौशलम् -कार्य में कुशलता, जो स्वाधीनता का आधार है।

आज का भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लेकिन क्या हमारी स्वतंत्रता स्वाधीनता में रूपांतरित हो रही है? एक ओर, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे अभियान स्वाधीनता की दिशा दिखाते हैं। स्टार्टअप संस्कृति ने युवाओं को स्वतंत्र बनाया, लेकिन आत्म-निर्भर भी। उदाहरण: पेटीएम, ओला जैसी कंपनियां, जो विदेशी निर्भरता से मुक्ति देती हैं।

लेकिन स्वच्छंदता के खतरे भी हैं। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज का प्रसार स्वतंत्रता का दुरुपयोग है। 2020 के दिल्ली दंगों में सोशल मीडिया ने स्वच्छंदता दिखाई, जहां अभिव्यक्ति की आजादी हिंसा में बदली। पर्यावरण के क्षेत्र में, प्लास्टिक का अंधाधुंध उपयोग स्वच्छंदता है, जबकि स्वच्छ भारत अभियान स्वाधीनता की ओर कदम है। गांधीजी ने स्वच्छता को स्वतंत्रता से ऊपर माना, जैसा की एक उद्धरण में कहा गया: स्वच्छता राजनीतिक स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है।

शिक्षा में, स्वतंत्रता छात्रों को विचार करने की आजादी देती है, लेकिन स्वच्छंदता कॉपिंग और अनुशासनहीनता में बदलती है। नई शिक्षा नीति स्वाधीनता की दिशा है, जहां कौशल-आधारित शिक्षा आत्म-निर्भरता सिखाती है। राजनीतिक रूप से, चुनावी स्वतंत्रता लोकतंत्र की ताकत है, लेकिन वोट बैंक पॉलिटिक्स स्वच्छंदता है।

स्वतंत्रता एक यात्रा है, जो स्वाधीनता पर समाप्त होनी चाहिए। भारत ने 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त की, लेकिन स्वाधीनता अभी अधर में है। हमें गांधीजी, नेहरू और आंबेडकर के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। यदि हम स्वच्छंदता से बचें और आत्म-निर्भरता अपनाएं, तो भारत विश्व गुरु बन सकता है। यह रूपांतरण व्यक्तिगत स्तर से शुरू होता है, प्रत्येक भारतीय अपनी स्वतंत्रता को जिम्मेदारी से जोड़े। तभी हम सच्चे अर्थ में स्वाधीन होंगे।

-लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तम्भकार हैं

# बच्चों के मन में कान्हा के संस्कार बोने का अवसर



डॉ. प्रियंका सौरभ

जन्माष्टमी भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना में गहराई से रचा-बसा एक ऐसा पर्व है, जो केवल एक तिथि भर नहीं, बल्कि सदियों से हमारी भावनाओं, हमारी स्मृतियों और हमारे जीवन-मूल्यों का अमर उत्सव रहा है। भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी की रात्रि जब घड़ियां बारह का अंक छूती हैं और मंदिरों में शंखनाद गूंज उठता है, तब मानो समय ठहर जाता है। घर-घर में, गलियों में, मंदिरों में, झांकियों और सजावट के मध्य, झूले में नन्हे कान्हा को विराजमान किया जाता है। भक्ति, प्रेम, उल्लास और श्रद्धा का यह संगम केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव है।

इस दिन भारत के हर कोने में एक अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है - छोटे-छोटे बच्चे मोरपंख, पीताम्बर, बांसुरी और मुकुट से सजे, कान्हा के रूप में घर की शोभा बढ़ाते हैं। यह परंपरा केवल रूप-सज्जा भर नहीं है; इसके पीछे गहरी सांस्कृतिक और नैतिक सोच है। जब हम अपने बच्चों को कान्हा का रूप देते हैं, तो हम केवल उनके शरीर को नहीं सजाते, बल्कि उनके मन में एक ऐसी छवि अंकित करते हैं, जिसमें आनंद है, मासूमियत है, प्रेम है, मित्रता है और अन्याय के खिलाफ डटने का साहस भी।

कृष्ण का बाल-रूप भारतीय जनमानस में सदैव विशेष स्थान रखता है। माखन-चोरी की नटखटता, गोपियों के साथ स्नेहपूर्ण संवाद, बांसुरी की मधुर तान, और कंस जैसे अत्याचारी के विरुद्ध निर्भीक खड़ा होना - यह सब केवल पुरानी कथाएँ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला के संदेश हैं। इन कथाओं में मनोरंजन भी है, और शिक्षा भी। जब बच्चा कान्हा बनता है, तो वह केवल एक पात्र का अभिनय नहीं करता, बल्कि अनजाने ही इन गुणों को आत्मसात करने लगता है।

समय के साथ समाज बदलता है और उसके मूल्य भी। आज का बच्चा पहले के बच्चों की तरह खेत-खलिहान, गलियों और आंगनों में दिन भर खेलता नहीं है। उसकी दुनिया अब मोबाइल, कंप्यूटर, वीडियो गेम और सोशल मीडिया के दायरे में सिमट गई है। पारंपरिक खेल और खुले में दौड़-भाग की जगह डिजिटल मनोरंजन ने ले ली है। ऐसे समय में जन्माष्टमी जैसे त्योहार बच्चों को हमारी जड़ों से जोड़ने का दुर्लभ अवसर बनकर आते हैं। परंतु खतरा यह है कि यह अवसर भी कहीं केवल फोटो खिंचवाने या सोशल मीडिया पोस्ट करने भर का कार्यक्रम न बन जाए।

हमें यह समझना होगा कि कान्हा का वेश पहनाना केवल बाहरी रूप है। असली उद्देश्य

### मेरे कान्हा - जन्माष्टमी विशेष

है - बच्चों के भीतर कान्हा के गुणों को बोना। यह वही गुण हैं जो समय की हर कसौटी पर खरे उतरते हैं - सच्चाई, साहस, करुणा, रचनात्मकता और जीवन में आनंद की भावना। माखन-चोरी की कथा हमें सिखाती है कि आनंद लेना जीवन का हिस्सा है, लेकिन बिना किसी को नुकसान पहुंचाए। गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा नेतृत्व, टीमवर्क और जिम्मेदारी का पाठ देती है। सुदामा-कृष्ण की मित्रता हमें सिखाती है कि संबंध केवल सुविधा या लाभ पर नहीं, बल्कि सच्चे प्रेम और निष्ठा पर आधारित होने चाहिए।

जन्माष्टमी का पर्व हमें यह अनमोल अवसर देता है कि हम बच्चों को केवल मोरपंख और मुकुट ही न पहनाएँ, बल्कि उनके हृदय में वे विचार और संस्कार भी अंकित करें, जो जीवनभर उनके मार्गदर्शक बनें। हमें चाहिए कि जब हम उन्हें कान्हा का रूप दें, तो साथ ही एक कथा भी सुनाएँ - ताकि वे उस रूप का भाव समझ सकें। उदाहरण के लिए, उन्हें बताएं कि बांसुरी केवल संगीत का साधन नहीं, बल्कि प्रेम, शांति और संवाद का प्रतीक है। मुकुट केवल राजसी ठाठ का चिह्न नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और संरक्षण का प्रतीक है। पीताम्बर केवल वस्त्र नहीं, बल्कि त्याग और सादगी का संदेश है। त्योहार के इस अवसर को और सार्थक बनाने के लिए हमें अपने बच्चों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना चाहिए। हम उन्हें बता सकते हैं कि जैसे कान्हा ने यमुना को पवित्र रखा, वैसे ही हमें भी अपने जलस्रोतों और प्रकृति की रक्षा करनी है। हम प्लास्टिक के मुकुट और कृत्रिम सजावट से बच सकते हैं, और प्राकृतिक, हस्तनिर्मित, देशी वस्त्रों का प्रयोग कर सकते हैं। इससे न केवल त्योहार की पवित्रता बढ़ेगी, बल्कि बच्चों को पर्यावरण-हितैषी आदतों का भी ज्ञान होगा।

आधुनिक कान्हा का अर्थ केवल यह नहीं कि वह स्मार्टफोन चलाना जानता है, बल्कि यह है कि वह तकनीक का सही और जिम्मेदार उपयोग करता है। वह इंटरनेट पर ज्ञान अर्जित करता है, पर साथ ही अपनी संस्कृति से भी जुड़ा रहता है। वह मित्रों के साथ ईमानदारी से पेश आता है, बड़ों का सम्मान करता है, और जरूरतमंदों की सहायता करता है। वह अपने जीवन में सत्य को आधार और प्रेम को मार्ग बनाता है।

मेरे लिए 'मेरे कान्हा' का अर्थ है - वह हर बच्चा जिसके भीतर मासूमियत है, जो कठिनाई में भी मुस्कुराता है, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए साहस से काम लेता है, जो अपने आस-पास के लोगों के साथ करुणा से पेश आता है, और जो अपनी संस्कृति पर गर्व करता है। जब हम ऐसे बच्चों को गढ़ेंगे, तभी हमारा समाज सच्चे अर्थों में 'वृंदावन' बनेगा - प्रेम, सौहार्द और न्याय से भरा हुआ।

इस जन्माष्टमी पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने बच्चों को केवल बाहरी रूप से नहीं, बल्कि अंतरात्मा से कान्हा बनाएँगे। हम उन्हें सिखाएँगे कि जीवन में बांसुरी की मधुरता हो, मुकुट की जिम्मेदारी हो, मोरपंख की सादगी हो, और पीताम्बर की पवित्रता हो। जब हर बच्चा इन गुणों से सजेगा, तो यह केवल उसका नहीं, बल्कि पूरे समाज का सौंदर्य होगा।

## वर्ग पहेली नं. 3178

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 | |
| | ■ | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | ■ |
| 8 | 9 | | | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| ■ | | ■ | 13 | 14 | | ■ | 15 | ■ | |
| 16 | | ■ | 17 | | ■ | 18 | | | |
| 19 | | 20 | ■ | 21 | 22 | | | ■ | ■ |
| | ■ | 23 | 24 | ■ | 25 | | ■ | 26 | |
| | ■ | 27 | | 28 | ■ | 29 | | | ■ |
| 30 | | | ■ | 31 | | | ■ | 32 | |

ऊपर से नीचे:- 1) कुली, 2) चुनौती देना, 3) मृत्युपर्यन्त, 4) हाथी, 5) दिवस, 9) घोंपना, 12) रोगग्रस्त, 14) दिमाग़, 15) भोज, 16) सघन होना, 18) लगातार, 20) अवैध, 22) रुपया-पैसा; क्रय-विक्रय का सामान, 24) दुर्व्यसनी, 26) सुंदरी, 28) नई मूँछ. *(उत्तर: अगले अंक में)*

बायें से दायें:- 1) निर्बल, 3) भय उत्पन्न करने का सिद्धांत; उग्रवाद, 6) नियंत्रण; बागडोर, 7) वैमनस्य; प्रतिद्वंद्विता; ईर्ष्या, 8) पेशाब, 10) प्रथा, 11) वसंत ऋतु की फ़सल, 13) पति, 16) मूल कारण, 17) हाथी, 18) विष्णु का वराह, 19) राज़ी करना, 21) ज़िम्मेदारी; *बेल,* 23) कपटरचना; *नैट,* 25) अल्प मात्रा, 26) सप्ताह, 27) अनाथ, 29) संपन्नता, 30) केवल, 31) स्वीकृत, 32) अल्पाहार.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ली | शा | न | ■ | ब | दौ | ल | त | ■ |
| न | ■ | न | र | ब | लि | ■ | ■ | था | ना |
| न् | ■ | शौ | क | ■ | दा | ख़ि | ल | ■ | दा |
| फा | ट | क | ■ | त | न | ■ | प | त्थ | र |
| न | ■ | त | त्प | र | ■ | डं | क | ■ | ■ |
| न | स | ■ | ■ | ह | र्ज | ■ | ना | लं | दा |
| ■ | ब | रा | म | दा | ■ | बे | ■ | बू | रा |
| बौ | ■ | धे | ■ | र | खा | वा | ली | ■ | सिं |
| ना | ला | य | क | ■ | ड़ा | ■ | क | ल | ह |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3135

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 | 2 | |
| | 3 | 9 | | | 8 | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | |
| | | 1 | 3 | | | | | |
| | 8 | | | | | | 5 | 4 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | | | | 4 | 9 | | 6 |
| | | | | 9 | 1 | | | |
| | 4 | | 7 | | 2 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3134 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 2 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 |
| 4 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 5 | 7 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 |

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुक्रवार, 15 अगस्त 2025
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छः और ग्यारह पर
कोलकाता, भाद्रपद कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 16, मूल्य 3.00 रुपये
सुविचार : लोग भाग्य को कोसते हैं सफल वही होते हैं जो सही मार्ग खोजते हैं।



# बंगाल के बिना भारत को आजादी नहीं मिलती : ममता

- कहा... 'रवींद्रनाथ टैगोर और सुभाष चंद्र बोस जैसी हस्तियां बंगाल में पैदा हुईं'
- कहा... 'बंगाल आशा की किरण है जो विविधता में एकता का प्रतीक है'



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि यदि बंगाल न होता तो भारत को आजादी नहीं मिलती, क्योंकि रवींद्रनाथ टैगोर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसी हस्तियां यहीं पैदा हुईं, जिन्होंने देश की नियति को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कन्याश्री योजना की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर धनधान्य ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में ममता ने कहा कि बंगाल आशा की किरण है जो विविधता में एकता का प्रतीक है। ममता ने कहा कि बंगाल की माटी ने रवींद्रनाथ टैगोर, नजरूल इस्लाम और सुभाष चंद्र बोस जैसे प्रख्यात लोगों को जन्म दिया। राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत और जय हिंद का नारा बंगालियों की रचनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के ज्यादातर स्वतंत्रता सेनानी बंगाल से थे। आप पाएंगे कि सेलुलर जेल (पोर्ट ब्लेयर में) के लगभग 70 प्रतिशत कैदी बंगाली थे। पंजाब के स्वतंत्रता सेनानी दूसरे स्थान पर थे। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्राओं से ममता ने कहा कि शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस है। मैं सभी से संकीर्णता और विभाजनकारी विचारों को त्यागने का आग्रह करती हूं। बंगाल विविधता के बीच सद्भाव और एकता का प्रतीक है। हम मजबूत और एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद जो लोग देश में आए, वे सभी भारत के नागरिक हैं। ममता ने कहा कि कल ही, मैंने पढ़ा कि एक पिता अपने बेटे के साथ एक खेल प्रतिस्पर्धा में गए थे, लेकिन बांग्ला में बोलने के कारण उन्हें नोएडा के एक होटल में ठहरने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने सवाल किया कि अगर हम आपकी भाषाओं का सम्मान कर सकते हैं, तो आप हमारी भाषाओं का सम्मान क्यों नहीं कर सकते? उन्होंने बंगाल को विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की निधि से वंचित किए जाने का भी आरोप दोहराया और उच्च शिक्षा में छात्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) ने शोध गतिविधियों के लिए धन देना लगभग बंद कर दिया है। राज्य सरकार अब उन शैक्षणिक गतिविधियों को प्रायोजित कर रही है। ममता ने कहा कि अंग्रेजी सहित कई भाषाएं सीखने की जरूरत है, लेकिन मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए। बांग्ला की मिठास सर्वव्यापी है।

**❑ 93 लाख छात्राओं ने कन्याश्री योजना का लाभ उठाया**

ममता ने इस दौरान दावा किया कि अब तक 93 लाख छात्राओं ने कन्याश्री योजना का लाभ उठाया है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह को रोकना है और अगले साल यह संख्या एक करोड़ को पार कर जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने इस योजना को लागू करने के लिए 17,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने भी सराहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि 62 देशों की 552 योजनाओं में कन्याश्री पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्याश्री योजना के कारण प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने की दर में कमी आई है। प्राथमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने की दर शून्य है। ममता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद करना है।

## 'हम सिर्फ महिला सशक्तिकरण की बात नहीं करते, करके दिखाते हैं'

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 14 अगस्त को 'कन्याश्री दिवस' के अवसर पर राज्य की लड़कियों और महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'कन्याश्री' योजना की 12वीं वर्षगांठ पर इस महत्वाकांक्षी सामाजिक पहल की सफलता पर गर्व जताया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'कन्याश्री' योजना को लेकर गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज कन्याश्री दिवस है। कन्याश्री योजना, जो हमारा गौरव है, ने 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं। दुनिया भर में, देश और पूरे बंगाल में सभी कन्याश्री महिलाओं को बहुत-बहुत बधाई। ममता ने कहा कि मुझे किसी अन्य सरकारी परियोजना की जानकारी नहीं है, जिसने इतने कम समय में समाज में महिला सशक्तिकरण पर इतना बड़ा प्रभाव डाला हो। उन्होंने इस योजना को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि यह दुनिया में इतनी लोकप्रिय है कि इसने संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा पुरस्कार जीता और 62 देशों की 552 योजनाओं में पहला स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि जिस समाज में महिलाएं समृद्ध नहीं हैं, वह कभी भी समृद्ध नहीं हो सकता। समाज के विकास के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण जरूरी है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य में 93 लाख से ज्यादा कन्याश्री हैं। इस योजना के माध्यम से उनके हाथों में 17,500 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सौंपी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सिर्फ महिलाओं के सशक्तिकरण की बातें नहीं करते, बल्कि उसे साकार करके दिखाते हैं। अपने संदेश के अंत में ममता ने कन्याश्री लाभार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए लिखा कि सभी कन्याश्री से मेरा कहना है, जीवन में ऊंचाइयां हासिल करो, अपने देश का नाम रोशन करो, अपने राज्य का नाम रोशन करो। एक दिन तुम विश्व बांग्ला (वैश्विक बंगाल) का निर्माण करोगी। तुम अपने सिर पर विश्व सम्मान का ताज पहनोगी। उन्होंने अपने संदेश का समापन जय हिंद, जय बांग्ला और जय कन्याश्री के उद्घोष के साथ किया।

# सुप्रीम कोर्ट बांग्लाभाषी प्रवासी कामगारों को 'हिरासत' में लेने संबंधी याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने बांग्लादेशी नागरिक होने के संदेह में बांग्ला भाषी प्रवासी कामगारों को कथित तौर पर हिरासत में लिए जाने से संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को सहमति जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमला बागची की एक पीठ ने हिरासत के संबंध में कोई अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया और कहा कि किसी भी आदेश के दुष्परिणाम हो सकते हैं, विशेष रूप से उन लोगों के संबंध में जो वास्तव में सीमा पार से आए हैं। पीठ ने कहा कि जिन राज्यों में ये प्रवासी कामगार काम कर रहे हैं, उन राज्यों को इनके मूल राज्य से इनकी वास्तविक स्थिति के बारे में पूछताछ करने का अधिकार है, लेकिन समस्या यहीं खत्म नहीं



होती। अगर हम कोई अंतरिम आदेश पारित करते हैं, तो इसके दुष्परिणाम होंगे, खासकर उन लोगों के लिए जो अवैध रूप से सीमा पार से आए हैं और जिन्हें कानून के तहत निर्वासित करने की आवश्यकता है। अदालत ने याचिकाकर्ता पश्चिम बंगाल प्रवासी कल्याण बोर्ड की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण से कहा कि वह केंद्र और नौ राज्यों – ओडिशा, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और पश्चिम बंगाल – के जवाब के लिए कुछ समय तक प्रतीक्षा करें। भूषण ने आरोप लगाया कि गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक परिपत्र के आधार पर राज्य लोगों को सिर्फ इसलिए परेशान कर रहे हैं क्योंकि वे बांग्ला भाषा बोलते हैं और उनके पास उस भाषा में बने हुए दस्तावेज हैं। भूषण ने कहा कि उनकी पहचान की जांच के दौरान उन्हें हिरासत में रखा जा रहा है और कुछ मामलों में तो उन्हें प्रताड़ित भी किया जा रहा है। कृपया कोई अंतरिम आदेश पारित करें कि उन्हें हिरासत में नहीं लिया जाएगा। मुझे पूछताछ से कोई समस्या नहीं है, लेकिन हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है कि वास्तविक नागरिकों को परेशान न किया जाए।

## घटनास्थल निरीक्षण की अनुमति के लिए हाई कोर्ट पहुंचे अभया के माता-पिता

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना के स्थल का निरीक्षण करने की अनुमति पाने के लिए अभया के माता-पिता अब कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख कर चुके हैं। उन्होंने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। कुछ दिन पहले अभया के माता-पिता ने शियालदह अदालत में क्राइम सीन का निरीक्षण करने की अनुमति मांगी थी, लेकिन अदालत ने यह अनुरोध ठुकरा दिया था और साथ ही केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को भी फटकार लगाई थी। अब उन्होंने निचली अदालत के इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं हुई है।

## एफआरआरओ ने मुख्य चुनाव अधिकारी को 21 बांग्लादेशी नागरिकों के नामों की भेजी सूची

**कोलकाता, समाज्ञा**

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को 21 बांग्लादेशी नागरिकों के नामों की सूची भेजी है। इन सभी के पास बांग्लादेशी पासपोर्ट हैं। इनके पास से अवैध तरीकों से हासिल किए गए भारतीय वोटर कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, और राशन कार्ड मिले हैं। यहां तक कि इनमें से कुछ के पास से भारतीय पासपोर्ट भी बरामद हुए हैं। इन 21 लोगों में से कुछ लोग बनगांव सीमा पार करके अवैध रूप से भारत में घुस आए थे, और कुछ बांग्लादेशी नागरिक मेडिकल वीज़ा पर बांग्लादेश से भारत आए थे और बाद में अपने परिवार के बाकी सदस्यों को अवैध घुसपैठ करवा कर भारत ले आए। इन 21 लोगों में से कुछ लोग 2017 से टूरिस्ट वीज़ा पर भारत में रह रहे थे। कुछ ने तो बेहाला में ज़मीन भी खरीदी थी। भारत से बांग्लादेश आने जाने के दौरान आव्रजन विभाग के काउंटर पर इन बांग्लादेशी नागरिकों के पास से भारतीय दस्तावेज बरामद हुए। बता दें कि इससे पहले, 5 अगस्त को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय द्वारा 6 और बांग्लादेशियों की सूची मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय को भेजी गई थी। इनमें से प्रत्येक के भारतीय दस्तावेज रद्द करने की सिफ़ारिश मुख्य चुनाव आयुक्त से की गई है।

## शिक्षा भर्ती घोटाले में न्यूटाउन और पार्क स्ट्रीट में ईडी की छापेमारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसएससी भर्ती भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने संदिग्ध संपत्तियों की तलाश में न्यूटाउन स्थित एक आलीशान आवास और कोलकाता के पार्क स्ट्रीट स्थित एक कार्यालय पर छापेमारी की। ईडी का दावा है कि यह संपत्ति एसएससी भर्ती भ्रष्टाचार से अर्जित करोड़ों रुपये से खरीदी गई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय जांच एजेंसी लंबे समय से इस मामले से जुड़े वित्तीय लेन-देन और संपत्ति खरीद की जांच कर रही है। आज सुबह ईडी अधिकारियों की एक टीम न्यूटाउन स्थित आवास पर पहुंची। यहां कुल 16 आलीशान विला हैं, जिनके एसएससी भर्ती भ्रष्टाचार के पैसे से खरीदे जाने का संदेह है। ईडी सूत्रों के अनुसार, इस खरीद में आरोपित प्रसन्ना रॉय के शामिल होने की संभावना है। विला के स्वामित्व, खरीद मूल्य और लेनदेन के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसके अलावा, ईडी ने पार्क स्ट्रीट स्थित एक रियल एस्टेट कार्यालय की भी तलाशी ली। यह कंपनी उस विला की प्रमोटर है। जांचकर्ताओं ने कार्यालय से विभिन्न वित्तीय दस्तावेज, संपत्ति संबंधी दस्तावेज और लेन-देन के खाते जब्त किए हैं। इन सभी जानकारियों को मिलाकर यह पता लगाया जाएगा कि एसएससी मामले में हुई वित्तीय अनियमितताओं से इनका कोई सीधा संबंध तो नहीं है। ईडी का दावा है कि इस कार्रवाई में बरामद दस्तावेज आने वाले दिनों में भ्रष्टाचार के नेटवर्क का पर्दाफाश करने में मदद करेंगे। सूत्रों के अनुसार, जांचकर्ता इस घटना में अगले कदम के रूप में आगे की तलाशी और पूछताछ भी कर सकते हैं।

## शिक्षा मंत्री पर हमले के आरोप में स्पेन से लौटा जेयू का पूर्व छात्र दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के काफिले पर हमले की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार यादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के पूर्व छात्र हिंडोल मजूमदार को हिरासत में लेने के लिए कोलकाता पुलिस की एक टीम दिल्ली रवाना हो गई है। हिंडोल मजूमदार को भारत पहुंचने के बाद गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि स्पेन के एक विश्वविद्यालय में शोधार्थी हिंडोल मजूमदार को बुधवार की सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया। वह यूरोप से यहां आया था और उसके खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर नोटिस' जारी किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बाद में, उसे दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि जेयू से बीटेक के पूर्व छात्र हिंडोल मजूमदार को दिल्ली की एक अदालत में पेश किए जाने के बाद कोलकाता पुलिस ने उसे पूर्वी महानगर लाने के लिए 'ट्रांजिट रिमांड' का अनुरोध किया। पुलिस ने आरोप लगाया कि गत एक मार्च को जेयू परिसर में ब्रात्य बसु की कार पर हुए हमले के लिए हिंडोल मजूमदार मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था। उल्लेखनीय है कि ब्रात्य बसु, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थित प्राध्यापकों के संगठन, पश्चिम बंगाल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय प्राध्यापक संघ' (डब्ल्यूबीसीयूपीए) की एक बैठक में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में गए थे, जहां से बाहर निकलते समय उन्हें 'स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया' (एसएफआई) समेत वामपंथी संगठनों के विरोध का सामना करना पड़ा। ये संगठन लंबे समय से लंबित छात्र संघ चुनाव जल्द से जल्द कराने की मांग कर रहे थे। बसु ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और उनकी कार में तोड़फोड़ की। वहीं, दूसरी तरफ, आंदोलनकारी छात्रों ने आरोप लगाया कि मंत्री के काफिले में शामिल एक वाहन कुछ छात्रों के पैरों पर चढ़ गया, जिसके कारण उसमें से कुछ छात्र घायल हो गए थे। घटना के सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद हिंडोल मजूमदार के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर नोटिस' जारी किया गया था।

## बीजपुर में शुभेंदु अधिकारी के जुलूस में तृणमूल पर हमला, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** शुभेंदु अधिकारी की 'कन्या सुरक्षा यात्रा' के दौरान तृणमूल कार्यकर्ताओं पर हमले की घटना में बीजपुर थाने की पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के नाम तापस घोष, सोनू सिंह और सुमन सरकार हैं। वीडियो फुटेज की जांच के बाद गुरुवार को तीनों को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि गत बुधवार की दोपहर विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने बीजपुर थाना चौराहे से 'कन्या सुरक्षा यात्रा' निकाली थी। कविगुरु रवींद्र पथ रोड पर चल रहा यह जुलूस कॉलेज चौराहे से सटे लक्ष्मी सिनेमा हॉल के पास समाप्त होना था। लेकिन उससे पहले ही गांधी चौराहे से सटे इलाके में तनाव फैल गया। वहां कुछ लोगों ने जुलूस की ओर 'जय बांग्ला' के नारे लगाए। भाजपा के जुलूस ने भी जवाबी नारे लगाए। नारेबाजी और जवाबी नारेबाजी से माहौल गरमा गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर झड़प हुई। कथित तौर पर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने झंडों से अंधाधुंध हमला करना शुरू कर दिया। कई तृणमूल कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया। झड़प में तृणमूल कार्यकर्ता शांतनु मुखर्जी के सिर में चोट लगी और वह खून से लथपथ हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। किसी तरह स्थिति पर काबू पाया गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने घटना की जाँच की। वीडियो फुटेज की जांच के बाद उसी दिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामला : इसी महीने दाखिल हो सकती है पहली चार्जशीट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा स्थित लॉ कॉलेज की छात्रा से कॉलेज परिसर के भीतर हुए दुष्कर्म मामले में कोलकाता पुलिस की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) टीम इस महीने के भीतर पहली चार्जशीट दाखिल कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, जांच लगभग पूरी होने की कगार पर है और मामला जल्द ही निचली अदालत में पेश किया जाएगा। जांच में अब तक चार आरोपितों मोनोजीत मिश्रा, जावेद अहमद, प्रमित मुखर्जी और पिनाकी बनर्जी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, मोनोजीत मिश्रा को दुष्कर्म का मुख्य आरोपित बनाया गया है, जबकि जावेद अहमद और प्रमित मुखर्जी को





अपराध में सहयोग करने का दोषी माना गया है। चौथा आरोपित पिनाकी बनर्जी, जो कॉलेज का सुरक्षाकर्मी है, घटना के समय कथित तौर पर बेबस गवाह था। पुलिस ने बुधवार को प्रेसीडेंसी सेंट्रल करेक्शनल होम में मिश्रा का वॉइस सैंपल लिया। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) रूपेश कुमार के अनुसार, यह कार्रवाई अदालत के निर्देश पर की गई। सभी आरोपित वर्तमान में इसी जेल में बंद हैं। जांच के दौरान जुलाई में पुलिस को दो अहम फोरेंसिक रिपोर्ट मिलीं। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी बरामद हुआ, जिसमें आरोपितों को पीड़िता को गार्ड रूम तक घसीटते हुए देखा गया, जहां दुष्कर्म की वारदात हुई। बता दें कि मिश्रा पर पहले से ही कई आपराधिक आरोप रहे हैं गुंडागर्दी, धारदार हथियार से गंभीर चोट पहुंचाना, जूनियर छात्रों को बाहरी असामाजिक तत्वों की मदद से पीटना और सहपाठी छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न तक के मामले। इसके बावजूद, कॉलेज प्रशासन और पुलिस ने कभी सख्त कार्रवाई नहीं की।

## बउबाजार में पुलिस की छापेमारी, नामी ब्रांड के नकली लोगो वाले जूते और बैग जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा**

नामी कंपनियों के लोगो की नकल कर जूते और बैग बेचने के आरोप में कोलकाता पुलिस की एनफोर्समेंट ब्रांच ने गुरुवार को बउबाजार इलाके में छापेमारी की। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर थाने से मिली शिकायत के आधार पर की गई। पुलिस ने रवींद्र सरणी स्थित दो दुकानों में छापा मारकर नामी ब्रांड के नकली लोगो लगे जूते और बैग बरामद किए। दोनों दुकानों के मालिकों को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश की एक नामी कंपनी के नकली उत्पाद बेचे जाने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अचानक यह कार्रवाई की। छापे के दौरान दुकानों से भारी मात्रा में नकली जूते और बैग जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस यह जांच कर रही है कि ये नकली सामान कहां से लाए जा रहे थे और इसमें और कौन-कौन शामिल है।

## साल्टलेक में सड़क हादसे में डिलीवरी बॉय की जिंदा जलकर मौत मामले में ड्राइवर गिरफ्तार

### पुलिस ने आरोपी को हावड़ा के मालीपंचघड़ा इलाके से दबोचा

**कोलकाता, समाज्ञा :** साल्टलेक में सड़क हादसे में जिंदा जलकर हुई डिलीवरी बॉय की मौत के मामले में ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का नाम विनोद रॉय है। उसे हावड़ा के मालीपंचघड़ा इलाके से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि बुधवार की घटना के बाद वह वहीं जाकर छिप गया था। जांच के बाद बिधाननगर थाने की पुलिस ने विनोद को वहीं से गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि गत बुधवार की दोपहर साल्टलेक में एके ब्लॉक के पास नतून पुल के पास एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गया। एक विस्फोट हुआ। कार सड़क पर जलकर राख हो गई। इसी दौरान उसी जगह एक डिलीवरी बॉय खड़ा था। वह बाइक चला रहा था। डिलीवरी बॉय अनजाने में रेलिंग में फंस गया। कार में सवार यात्रियों को बचा लिया गया। हालांकि, डिलीवरी बॉय को बचाया नहीं जा सका। उसकी मौके पर ही जलकर मौत हो गई। स्थानीय निवासी आक्रोशित हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि सूचना मिलने के काफी



देर बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इसलिए आक्रोशित भीड़ ने दमकल कर्मियों पर ईंट-पत्थर भी फेंके। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस सड़क पर खड़े होकर पैसे वसूलने में व्यस्त है। आरोप है कि पुलिस दुर्घटनाग्रस्त डिलीवरी बॉय को बचाने के बजाय वीडियो बनाने में व्यस्त थी। आरोप है कि विरोध में पुलिस पर ईंट-पत्थर फेंके गए। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जवाबी कार्रवाई में आंसू गैस के गोले दागे। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि चार पहिया वाहन का नियंत्रण कैसे खो गया। जांचकर्ताओं को उम्मीद है कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ करके सारी जानकारी मिल जाएगी।

# नबान्न अभियान: अशोक डिंडा को राहत नहीं, हाई कोर्ट ने स्थगन आदेश देने से किया इनकार

### नोटिस के अनुसार जांच में सहयोग करना होगा, न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की टिप्पणी

**कोलकाता :** कोलकाता हाई कोर्ट ने बीजेपी विधायक अशोक डिंडा को नबान्न अभियान मामले में राहत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने स्पष्ट किया कि नोटिस के अनुसार उन्हें जांच में सहयोग करना होगा। अदालत ने निर्देश दिया कि सोमवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच उन्हें थाने में उपस्थित होकर जांच में सहयोग करना होगा।

अशोक डिंडा पर आरोप है कि उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं को उकसाने वाले बयान देकर कानून-व्यवस्था भंग की। हालांकि, विधायक ने सभी आरोपों से इनकार किया है। नबान्न अभियान की अपील आर.जी. कर कांड की पीड़िता के माता-पिता ने की थी, जो गैर-राजनीतिक थी, लेकिन इसे बीजेपी नेताओं ने संभाल लिया। अभियान में शुभेंदु अधिकारी, अशोक डिंडा और अग्निमित्रा पॉल जैसे शीर्ष बीजेपी नेता मौजूद थे। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस कर्मियों पर हमला किया, जिसमें तीन कॉन्स्टेबल घायल हुए और एक आईपीएस अधिकारी के साथ मारपीट की गई।

इसी एफआईआर के आधार पर न्यू मार्केट थाने ने अशोक डिंडा को नोटिस भेजकर पेश होने का आदेश दिया। इसके बाद उन्होंने अग्रिम जमानत की याचिका दायर की, लेकिन हाई कोर्ट ने स्थगन आदेश देने से इनकार कर दिया। राज्य सरकार के वकील ने अदालत में कहा कि अशोक डिंडा सड़क पर गुंडागर्दी कर रहे थे और उन पर गैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज है। हालांकि, अदालत ने माना कि उनकी पुलिस हिरासत की आवश्यकता नहीं है।

## नबान्न अभियानः शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी की अनुमति के लिए हाई कोर्ट पहुँची राज्य सरकार




**कोलकाता : विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की अनुमति लेने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है। 9 अगस्त को अभया के माता-पिता द्वारा आयोजित नबान्न अभियान में शुभेंदु अधिकारी मौजूद थे। इस घटना के बाद राज्य सरकार उनके खिलाफ मामला दर्ज करना चाहती है। गुरुवार को न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की पीठ में राज्य सरकार की ओर से इस मामले पर ध्यान आकर्षित किया गया। हालांकि, सुनवाई के दौरान शुभेंदु अधिकारी के वकील ने सवाल उठाया कि क्या इस मामले की सुनवाई का अधिकार इस अदालत के पास है। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने कहा कि इस तरह के मामले में उपयुक्त अदालत से अनुमति लेना आवश्यक है, और बिना अनुमति के इस प्रकार की याचिका पर सुनवाई संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि शुभेंदु अधिकारी के पास एक कानूनी सुरक्षा है जिसके तहत उनके खिलाफ नई एफआईआर दर्ज करने के लिए हाई कोर्ट की अनुमति जरूरी है। अब मामला किस दिशा में आगे बढ़ता है, इस पर सबकी नज़रें टिकी हैं।**

## नबान्न अभियान में पुलिस से मारपीट, भाजपा का एक और कार्यकर्ता गिरफ्तार



**कोलकाता : नबान्न अभियान के दौरान पुलिस से मारपीट के मामले में एक और भाजपा कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। न्यू मार्केट थाना पुलिस ने बुधवार देर रात उसे हिरासत में लिया। गुरुवार को उसे अदालत में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार भाजपा कार्यकर्ता का नाम महिंद्रचंद्र साहा है, जो नैहाटी के पूर्व काठालिया इलाके के निवासी हैं। पुलिस ने बुधवार रात करीब डेढ़ बजे उन्हें उनके घर से पकड़ा। सीसीटीवी फुटेज की जांच में आरोपी की पहचान की गई। फुटेज में एक समूह को पुलिसकर्मियों से मारपीट करते देखा गया, जिसमें महिंद्रचंद्र भी मौजूद थे। नबान्न अभियान में पुलिस से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या अब बढ़कर दो हो गई है।**

## ट्रैफिक पुलिस कर्मियों से मारपीट, आरोपी युवक गिरफ्तार



**कोलकाता :** जेम्स लॉन्ग सरणी और राय बहादुर रोड क्रॉसिंग (थाना- बेहाला एवं जेम्स लॉन्ग सरणी ट्रैफिक गार्ड क्षेत्र) के पास ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक सार्जेंट देबाशीष दास और कॉन्स्टेबल निर्मल घोष के साथ एक बाइक सवार युवक ने मारपीट की। घटना शाम लगभग 5:10 बजे की है, जब आरोपी शुभजीत चक्रवर्ती (21) को ट्रैफिक नियम उल्लंघन को लेकर रोका गया था। घटना में दोनों पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए विद्यासागर स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया। बाद में सार्जेंट देबाशीष दास की लिखित शिकायत पर बेहाला थाने में मामला दर्ज किया गया। मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 54 और 121(1) के तहत कांड संख्या 203/13.08.2025 में पंजीकृत किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शुभजीत चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## जन्माष्टमी पर भी सरकारी छुट्टी, राज्य कर्मचारियों को मिला तीन दिन का अवकाश



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन जन्माष्टमी पर भी छुट्टी की घोषणा की है। नवान्न से शनिवार को जारी अधिसूचना में बताया गया कि 16 अगस्त, शनिवार को राज्य के सभी सरकारी दफ्तर, बोर्ड, नगर पालिकाएं और शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। इससे पहले 15 अगस्त, शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के कारण सरकारी अवकाश रहेगा। जन्माष्टमी की छुट्टी के साथ ही राज्य सरकारी कर्मचारियों को शुक्रवार, शनिवार और रविवार – लगातार तीन दिनों का अवकाश मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि एनआई एक्ट के तहत जन्माष्टमी पर प्रतिवर्ष सरकारी अवकाश घोषित किया जाता है। हालांकि, आवश्यक सेवाओं और कुछ दफ्तरों में जरूरत के अनुसार आधे दिन काम हो सकता है। इस बार भी परंपरा के अनुसार राज्य सरकार ने कृष्ण जन्मोत्सव पर अवकाश प्रदान किया है।




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुक्रवार, 15 अगस्त 2025
ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छः और ग्यारह पर
कोलकाता, भाद्रपद कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 16, मूल्य 3.00 रुपये
सुविचार : जीवन में कैसी भी स्थिति हो बस थोड़ा धैर्य बनाये रखें।

## बंगालियों का अपमान नहीं करूंगी बर्दाश्त : ममता

### मुख्यमंत्री ने बंगाल के प्रवासी मजदूरों के साथ भाषाई आधार पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर फिर घेरा

**सूचना**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में समाज्ञा कार्यालय में 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा। सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभेच्छुओं एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।
-संपादक

■ **कहा... 'एसआइआर के बहाने बंगाल में एनआरसी लागू करने की साजिश चल रही हैं'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा शासित राज्यों पर बंगाल के प्रवासी मजदूरों के साथ भाषाई आधार पर उत्पीड़न का गुरुवार को फिर आरोप लगाते हुए भाजपा व केंद्र पर जोरदार हमला बोला। 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दक्षिण कोलकाता के बेहला में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ममता ने स्पष्ट कहा कि मैं बंगालियों का अपमान हरगिज बर्दाश्त नहीं करूंगी। ममता ने आजादी की लड़ाई में बंगाल के योगदान को गिनाते हुए यह भी दोहराया कि यदि बंगाल न होता तो भारत को आजादी नहीं मिलती। ममता ने उल्लेख किया कि बंगाल में दूसरे राज्यों के डेढ़ करोड़ से ज्यादा प्रवासी श्रमिक सम्मान के साथ काम कर रहे हैं, यहां उन्हें कभी परेशान नहीं किया जाता। उन्होंने सवाल किया कि फिर बंगाल के श्रमिकों के साथ भाषाई आधार पर उत्पीडऩ क्यों किया जा रहा? ममता ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के मुद्दे पर भी केंद्र को घेरा। उन्होंने कहा कि एसआइआर के बहाने बंगाल में एनआरसी लागू करने की साजिश चल रही है, लेकिन वह इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगी। ममता ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा चुनाव आयोग की मिलीभगत से एसआइआर के नाम पर पुराने दस्तावेजों का हवाला देकर बंगाल के वोटरों के नाम मतदाता सूची से काटने की योजना बना रही है, जिससे लोग भयभीत हैं और आत्महत्या तक कर रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे डरें नहीं, क्योंकि वह मरते दम तक लोगों के अधिकार छिनने नहीं देंगी। ममता ने चुनाव आयोग को फिर चेतावनी दी कि अगर एक भी असली वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, तो वह सख्त कदम उठाएंगी।




### प्रधानमंत्री मोदी स्वतंत्रता दिवस पर लगातार 12वीं बार लाल किले की प्राचीर से देंगे भाषण

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर लगातार 12वीं बार लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री का यह संबोधन ऐसे समय पर हो रहा है जब 'ऑपरेशन सिंदूर' को कुछ महीने ही हुए हैं और विपक्षी दल चुनाव में कथित गड़बड़ियों को लेकर एकजुट होकर उनकी सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। मोदी इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास और अपने कार्यकाल में कल्याणकारी मॉडल के विस्तार पर भारत के अडिग रुख को रेखांकित कर सकते हैं। साथ ही वह व्यापार पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत के प्रति प्रतिकूल रुख से उत्पन्न आर्थिक और विदेशी संबंधों की अनिश्चितता के माहौल पर भी बोल सकते हैं।

### निर्वाचन आयोग 65 लाख हटाए गए मतदाताओं की जानकारी 19 अगस्त तक दे: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले में निर्वाचन आयोग से बृहस्पतिवार को कहा कि वह मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख मतदाताओं की पहचान 19 अगस्त तक उजागर करे और 22 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट सौंपे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आयोग से पूछा, ''आप उन लोगों के नाम क्यों नहीं बता सकते, जिनकी मौत हो गई है, जो पलायन कर गए हैं या दूसरे निर्वाचन क्षेत्रों में चले गए हैं।'' न्यायालय ने आयोग से कहा कि वह इन नामों को सूचना पट्ट (डिस्प्ले बोर्ड) या वेबसाइट पर डाले, ताकि जिन्हें दिक्कत है वे लोग 30 दिन के भीतर सुधारात्मक उपाय कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने एसआईआर मामले की सुनवाई कर रही पीठ के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि तीव्र राजनीतिक विद्वेष के माहौल में काम करते हुए, शायद ही कोई ऐसा फैसला हो जिस पर विवाद न हुआ हो। आयोग ने न्यायालय से कहा कि वह राजनीतिक दलों के बीच संघर्ष में फंसा हुआ है, क्योंकि यदि पार्टी जीतती है तो उसके लिए ईवीएम अच्छी है, अगर वे हारते हैं तो ईवीएम खराब हो जाती है। आयोग ने कहा कि बिहार में एक मोटे अनुमान के मुताबिक लगभग 6.5 करोड़ लोगों को एसआईआर के लिए कोई दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं पड़ी है। इसने दलील दी कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को मृत, पलायन कर चुके या दूसरे स्थानों पर चले गये लोगों के नामों की सूची दी गई है।




## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से मची तबाही, 46 लोगों की मौत

### 167 लोग बचाए गए



**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर पहाड़ी गांव चशोती में बृहस्पतिवार को बादल फटने से सीआईएसएफ के दो जवानों समेत कम से कम 46 लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई अन्य के अब भी फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चशोती गांव में सूर्यास्त होने तक बचावकर्मियों ने कड़ी मेहनत से मलबे के ढेर से 167 लोगों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि इनमें से 38 की हालत गंभीर है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती गई और आशंका है कि यह और बढ़ सकती है। अधिकारियों ने बताया कि मचैल माता मंदिर जाने वाले रास्ते के चशोती गांव में यह आपदा दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच आई। हादसे के समय मचैल माता यात्रा के लिए बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे। साढ़े नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित मचैल माता मंदिर तक जाने के लिए श्रद्धालु चशोती गांव तक वाहन से पहुंच सकते हैं, उसके बाद उन्हें 8.5 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी होती है। चशोती गांव किश्तवाड़ शहर से लगभग 90 किलोमीटर दूर है। यहां श्रद्धालुओं के लिए लगाया गया एक लंगर (सामुदायिक रसोईघर) इस घटना से सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ। बादल फटने के कारण अचानक बाढ़ आ गई और दुकानों एवं एक सुरक्षा चौकी सहित कई इमारतें बह गईं।

**किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना पर बोले प्रधानमंत्री मोदी– हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी**

**किश्तवाड़ में बादल फटने से लोगों की मृत्यु की खबर अत्यंत दुखद : राष्ट्रपति मुर्मू**

## पीएम मोदी 22 अगस्त को कोलकाता में तीन मेट्रो परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

■ **ग्रीन लाइन, ऑरेंज और येलो लाइन का होगा उद्घाटन**

■ **उद्घाटन समारोह में रेलवे मंत्री भी लेंगे भाग**



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 अगस्त को कोलकाता में तीन मेट्रो परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सुकांत मजूमदार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी 'ग्रीन लाइन' के सियालदह-एस्प्लेनेड खंड, 'ऑरेंज लाइन' के हेमंत मुखोपाध्याय (रूबी क्रॉसिंग)-बेलेघाटा खंड और 'येलो लाइन' के नोआपारा-जय हिंद (हवाई अड्डा) खंड का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा उन्हें भेजे गए निमंत्रण को भी सुकांत मजूमदार ने साझा किया। इसके साथ ही भारत की पहली 'अंडरवाटर' मेट्रो कही जाने वाली 'ग्रीन लाइन' सेवा पूरी तरह संचालित होना शुरू हो जाएगी और ये हावड़ा मैदान को साल्टलेक सेक्टर 5 से जोड़ेगी तथा कोलकाता हवाई अड्डे को मेट्रो संपर्क मिलेगा। मजूमदार ने कहा कि राज्य को दुर्गा पूजा से पहले यह ऐतिहासिक तोहफा मिलने जा रहा है। पत्र के अनुसार, उद्घाटन समारोह 'येलो लाइन' के जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन पर आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में, ग्रीन लाइन दो अलग-अलग खंडों - हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड और सियालदह-साल्टलेक सेक्टर 5 - में संचालित है। शहर के मध्य भाग स्थित बोउबाजार में भूस्खलन की घटनाओं के बाद सियालदह-एस्प्लेनेड खंड का निर्माण कार्य बाधित हो गया। सियालदह-एस्प्लेनेड खंड के बहुप्रतीक्षित उद्घाटन से आईटी हब सेक्टर 5 की यात्रा करने वाले लाखों लोगों को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर सबवे का भी उद्घाटन करेंगे। निमंत्रण पत्र में वैष्णव ने कहा कि केंद्र पश्चिम बंगाल में ट्रेन सेवाओं और अवसंरचनाओं को उन्नत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पश्चिम बंगाल में 83,765 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर हैं और इस बार बजट में राज्य के लिए 13,955 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है। वैष्णव ने कहा कि राज्य में 101 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है, जबकि यहां नौ वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेन का संचालन हो रहा है।



# आज स्वतंत्रता दिवस पर शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर सहित राज्य में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी हो चुकी है। ऐसे में राज्य सहित खासकर महानगर कोलकाता में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त देखी गई। स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। 15 अगस्त को आन-बान और के प्रतीक तिरंगा फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। महानगर कोलकाता में व्यापक संख्या में पुलिस की तैनाती कर दी गई है, जिससे पुलिस की नजर चप्पे –चप्पे पर है। राष्ट्रीय पर्व होने के चलते सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और बढ़ जाती है। पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद है। किसी अनहोनी को देखते हुए भी पुलिस ने संवेदनशील और सार्वजनिक स्थानों पर गतिविधि तेज कर दी है। कोलकाता के रेड रोड पर स्वतंत्रता दिवस परेड की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कारण सीएम ममता बनर्जी 15 अगस्त के दिन आयोजित समारोह में राज्यपाल के साथ उपस्थित होती हैं। सुचारू और सुरक्षित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रतिष्ठित मार्ग पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है। वाहनों की तलाशी ली जा रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। रेड रोड के हर कोने पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि ड्रोन ऊपर से इलाके की निगरानी करेंगे। जमीनी स्तर पर, निगरानी टावर और गश्ती अधिकारी अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करेंगे। भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुल मिलाकर लगभग 2000 पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। पुलिस अधिकारियों ने ज़ोर देकर कहा है कि हवाई निगरानी, जमीनी निगरानी और तकनीकी सहायता का संयोजन किसी भी स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम होगा। सुरक्षा योजना का उद्देश्य परेड में भाग लेने वाले प्रतिभागियों और दर्शकों, दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इन व्यवस्थाओं के साथ, अधिकारियों को शहर के सबसे महत्वपूर्ण स्थलों में से एक पर स्वतंत्रता दिवस समारोह सुरक्षित और घटना–मुक्त होने की उम्मीद है।

# कोलकाता साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ठगी व साइबर अपराध में आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता :** साइबर थाना, कोलकाता पुलिस ने एक बड़े साइबर अपराध मामले में छापेमारी कर मोहम्मद महफूज़ अंसारी (30) को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ साइबर थाना कांड संख्या 37/25, दिनांक 27 जून 2025 के तहत आईटी एक्ट 2000 की धारा 66, 66सी, 66डी, 84बी, 43 तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था। पुलिस के अनुसार, गुरुवार तड़के लगभग 1:22 बजे टिलजाला स्थित 41/1/1ए रायचरण घोष लेन, द क्रिसेंट स्कूल के पास स्थित ग्लोब बिल्डिंग के तीसरी मंज़िल के फ्लैट में छापा मारकर उसे पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कमरे से एक सिल्वर रंग का मोबाइल फोन बरामद किया। इसके अलावा, कई संदिग्ध दस्तावेजों की फोटोकॉपी, वीओआईपी कॉल एक्सटेंशन से जुड़े सबूत, कथित मनी हैंडलर्स के संपर्क, कई क्रिप्टो करेंसी वॉलेट्स, डोमेन एड्रेस व पासवर्ड, विभिन्न पोर्टल्स के यूजर आईडी और पासवर्ड, विदेशी संपर्कों की सूची, आपत्तिजनक व्हाट्सऐप चैट्स और फेसबुक ग्रुप के रिकॉर्ड्स भी जब्त किए गए। पुलिस का कहना है कि इन बरामद सामग्रियों से आरोपी की साइबर ठगी व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय नेटवर्क से संलिप्तता के पुख्ता सबूत मिले हैं। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है और अन्य सहयोगियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# कांग्रेस ने 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए निकाली रैली



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश कांग्रेस द्वारा 'वोट चोरी' पर आयोजित पैदल मार्च में प्रदेशाध्यक्ष शुभांकर सरकार, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, अम्बा प्रसाद, अमिताभ चक्रबर्ती, संतोष पाठक, मो. मुख्तार, कुमारुजमान व अन्य नेतागण उपस्थित थे। इधर,बड़ाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भोला यादव के नेतृत्व मे जुलूस निकालकर मुख्य जुलूस में शामिल हुई। रविन्द्र तिवारी, कालीनाथ सिंह, बिपिन सिंह, नागेश सिंह, प्रदीप साहू, अवधेश पांडेय, पंकज सोनकर, अशोक दुबे, रोहित पाठक, सुभाष सिंह, मो. सरफराज, अंजनी दुबे, ददन सिंह, मो. हुसैन, विनोद दुबे, राजनरायन मिश्रा, अजीब जहूर, मनोज गुप्ता, रामबाबू शुक्ला व अन्य सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक मनाएगा देशव्यापी विस्तार के साथ जश्न

**कोलकाता :** एयू एसएफबी ने आज देशभर में 51 नई शाखाएं शुरू करने की घोषणा की। इन शाखाओं का उद्घाटन 15 अगस्त 2025 को, भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर किया जाएगा। लॉन्च पर बोलते हुए, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ईडी एवं डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा: यह विस्तार केवल शाखाओं की संख्या बढ़ाने के बारे में नहीं है, बल्कि उन लोगों और समुदायों के जीवन में हमारी उपस्थिति को गहरा करने के बारे में है जिनकी हम सेवा करते हैं। प्रत्येक नई शाखा हमें हमारे विज़न के करीब ले जाती है, जो एक अधिक व्यापक बैंकिंग अनुभव प्रदान करने का है।

# सोने के गहनों की चोरी के मामले में एक आरोपी कंकुरगाछी से गिरफ्तार



**कोलकाता :** पोस्ता थाना क्षेत्र में गत 30 जून 2025 को एक बड़ी चोरी की घटना घटी। शिकायतकर्ता गिरिजा अग्रवाल, जो कि 66, जी.टी. रोड (दक्षिण), हावड़ा की रहने वाली हैं, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शाम 5:20 बजे से 5:40 बजे के बीच वह हरिमन गोकल ज्वैलर्स, मुंचीगंज, कोलकाता में खरीदारी कर रही थीं। चोर ने मौके का फायदा उठाकर घर में रखे गहनों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गये सामान में दो सोने के कंगन थे। इन कंगनों का कुल वजन 37 ग्राम था और कीमत लगभग 2,35,000 आँकी गई। मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस ने 13 अगस्त 2025 को लगभग 15:05 बजे कंकुरगाछी क्रॉसिंग, सी.आई.टी. रोड, कोलकाता से आरोपी आमिर गाजी (34), निवासी हिमची, पोस्ट- नबाग्राम, थाना बारुईपुर, जिला दक्षिण 24 परगना, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह किसी संगठित चोरी गिरोह का हिस्सा है या नहीं। चोरी हुए गहनों की बरामदगी के प्रयास भी जारी हैं।

### रेलवे ने सरायगढ़-देवघर-सरायगढ़ मेमू स्पेशल की सेवा रखी जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05517/05518 सरायगढ़-देवघर-सरायगढ़ मेमू स्पेशल ट्रेन की सेवा जारी रखने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का संचालन पहले से निर्धारित स्टॉपेज और समयानुसार किया जाएगा। 05517 सरायगढ़-देवघर मेमू स्पेशल ट्रेन 15 अगस्त से 24 अगस्त तक प्रतिदिन सरायगढ़ से प्रस्थान करेगी। वहीं, 05518 देवघर-सरायगढ़ मेमू स्पेशल ट्रेन 16 अगस्त से 25 अगस्त तक प्रतिदिन देवघर से चलेगी। रेलवे का यह निर्णय यात्रियों की सुविधा और भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

# दीघा के समुद्र में नहाते समय पर्यटक की डूबने से मौत, एक गंभीर



**पूर्व मेदिनीपुर :** छुट्टियों की खुशियां पल भर में गम में बदल गईं। दरअसल, दीघा के समुद्र में नहाते समय ओडिशा का एक पर्यटक डूब गया। जबकि, एक अन्य व्यक्ति को बचा लिया गया है और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह हावड़ा के 9 निवासियों का एक समूह छुट्टियां मनाने दीघा गया था। वे वहां पहुंचे और नहाने उतरे। नहाते समय उनमें से दो समुद्र में डूबने लगे। सूचना मिलने पर दीघा मोहना थाने की पुलिस मौके पर गई और दोनों को बचा लिया। जब उन्हें दीघा स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उनमें से एक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम नारायण साव(42) है। वह वास्तव में ओडिशा का निवासी है। वह व्यवसाय के सिलसिले में हावड़ा के लिलुआ में रहता है। वे सभी एक साथ छुट्टियां मनाने दीघा गए थे। यह हादसा उस समय हुआ जब वे ओल्ड दीघा के समुद्र में नहा रहे थे।

# मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक ने नए स्मार्ट कार्ड का अनावरण और नेफ्रोलॉजी विभाग का किया उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने गुरुवार को पार्क स्ट्रीट मेट्रो स्टेशन पर नए रूप वाले मेट्रो स्मार्ट कार्ड का अनावरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मेट्रो अधिकारी भी मौजूद रहे। मेट्रो रेल ने स्मार्ट कार्ड ब्रांडिंग के लिए शहर की एक निजी कंपनी के साथ समझौता किया है। इसके तहत नया डिजाइन वाला स्मार्ट कार्ड जल्द ही ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन-1, ग्रीन लाइन-2, ऑरेंज लाइन और पर्पल लाइन के सभी बुकिंग काउंटरों पर उपलब्ध होगा। तीन लाख ऐसे स्मार्ट कार्ड यात्रियों को प्रदान किए जाएंगे। यह पहल मेट्रो रेल की गैर-यात्रा राजस्व बढ़ाने में सहायक होगी। मेट्रो रेल ने विज्ञापन आधारित गैर-यात्रा राजस्व उत्पन्न करने के लिए ई-नीलामी के माध्यम से स्मार्ट कार्ड ब्रांडिंग को पुनः लागू किया है।

इसके साथ ही, श्री रेड्डी ने मेट्रो रेल के तपन सिन्हा मेमोरियल अस्पताल में नेफ्रोलॉजी विभाग का उद्घाटन किया। इस केंद्र में अत्याधुनिक हीमो डायलेसिस मशीनें, ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम, डायग्नोस्टिक सुविधाएं, रीनल लैब, फार्मेसी, एक्स-रे और यूएसजी, तथा अत्याधुनिक आईसीयू सुविधा उपलब्ध है। इस पहल का उद्देश्य मेट्रो रेल की व्यापक पहुंच और अवसंरचना को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा से जोड़ना है।

## सियालदह डिवीजन ने यात्रियों के अनुभव सुधारने के लिए टिकट जांच कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने अपने टिकट जांच कर्मचारियों के लिए परामर्श सत्र आयोजित किया। सियालदह के वरिष्ठ डिविजनल कमर्शियल मैनेजर जसराम मीना ने 13 अगस्त को सभी टिकट जांच कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को यात्रियों के प्रति अपने व्यवहार और आचरण में सुधार के लिए मार्गदर्शन देना था। श्री मीना ने हमेशा विनम्र और सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखने पर जोर दिया और चेताया कि किसी भी प्रकार का अनुचित व्यवहार रेलवे की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। इस सत्र में कर्मचारियों को सियालदह डिवीजन और भारतीय रेलवे के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करने का महत्व बताया गया। इस दौरान राजीव सक्सेना ने कहा कि यात्रियों के प्रति मित्रवत दृष्टिकोण से ही डिवीजन की विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सकती है।

# सांस्कृतिक विरासत का पुनरुद्धार, जीआरएसई ने कोलकाता के प्रतिष्ठित घाटों में नई जान फूकी




**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने अपनी सीएसआर पहल के तहत कोलकाता की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का प्रयास किया है। इसके तहत रिवर हुगली के बागबाजार के मायेर घाट और गार्डन रीच के ऐतिहासिक सरीनाम घाट की सुंदरीकरण परियोजना शुरू की गई है। 6 अगस्त 2025 को इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर राजीव श्रीवास्तव, जीएम (एचआरएंडए), जीआरएसई और संतनु मित्रा, चीफ इंजीनियर, एसएमपीके ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सीएमडीई पीआर हरि, इन (रिटायर्ड), चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, जीआरएसई और श्री रथेंद्र रमन, चेयरमैन, एसएमपीके उपस्थित रहे। कैप्टन (ईन) पी. सुनीलकुमार (रिटायर्ड), डायरेक्टर (कॉर्पोरेट प्लानिंग एंड पर्सनेल) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मायेर घाट और सरीनाम घाट का पुनर्स्थापन न केवल ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अध्यायों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पहल पर्यटकों को आकर्षित करने और देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

### गोदरेज लॉक्स ने स्मार्ट नवाचार और भारत-केंद्रित रणनीति के साथ 14% की वृद्धि दर्ज की

**कोलकाता :** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के बीच, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का 'लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस' व्यवसाय, नवाचारों के साथ होम सेफ्टी सेगमेंट में लगातार दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज करते हुए अपनी स्थिति को मजबूत बनाए हुए है। यह कंपनी वर्तमान में 12-14% की वार्षिक वृद्धि दर हासिल कर रही है और पारंपरिक व डिजिटल दोनों तरह के लॉक्स में नंबर 1 स्थान पर काबिज है। कंपनी वित्त वर्ष 2026 के लक्ष्यों को प्राप्त करने की राह पर आगे बढ़ रही है। श्याम मोटवानी, बिजनेस हेड, लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस ने कहा, 'एक सदी से अधिक की विरासत वाले भारतीय संगठन के रूप में, हम महानगरों से लेकर उभरते कस्बों तक भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को गहराई से समझते हैं। हमारा विकास नवाचार से प्रेरित है, लेकिन यह विश्वास और प्रासंगिकता में निहित है।

# कोलकाता एयरपोर्ट पर 'अनसंग हीरोज' आर्ट गैलरी का उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में गुरुवार को आजादी का अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 'अनसंग हीरोज' आर्ट गैलरी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एयरपोर्ट डायरेक्टर डॉ. पी.आर. बेउरिया ने वरिष्ठ एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) अधिकारियों, सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स, कस्टम्स, इमिग्रेशन, एयरलाइंस, एएआई विमेन वेलफेयर एसोसिएशन 'कल्याणमयी' और यात्रियों की उपस्थिति में गैलरी का उद्घाटन किया। गैलरी में उन स्वतंत्रता सेनानियों, सुधारकों और दूरदर्शियों को समर्पित कलात्मक प्रदर्शनी दिखाई गई, जिनके योगदान को अक्सर मुख्यधारा के इतिहास में मान्यता नहीं मिली। डॉ. बेउरिया ने कहा, यह गैलरी उन लोगों को श्रद्धांजलि है जिनके बलिदान और प्रयासों ने हमारे राष्ट्र की स्वतंत्रता यात्रा को आकार दिया। हर यात्री यहां उनके साहस से प्रेरणा ले सकेगा। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों में भारत के कम-ज्ञात नायकों की भूमिका के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

# बैरकपुर से एक माह से लापता सुरक्षा गार्ड, परिवार के लोगों का रो- रो कर बुरा हाल



**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर के पलता इलाके से 13 जुलाई को लापता हुए निजी सुरक्षा गार्ड का काम करने वाले व्यक्ति साईंबाबा सर्नाकर (42) का एक माह बीत जाने के बाद भी अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। इसके कारण उसके परिवार वालों का रो- रो कर बुरा हाल है। कोलकाता में एनसीसी निदेशालय में कार्यरत सर्नाकर की बहन लिपिका तालुकदार ने बताया कि भाई के लापता होने के बाद 16 जुलाई को बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट अंतर्गत मोहनपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस अब तक उसे नहीं ढूंढ पाई है। परिवार के लोग उसका पता लगाने के लिए हर जगह खाक छान चुके हैं लेकिन कोई पता नहीं चलने से सभी परेशान हैं। उन्होंने पुलिस के रवैए पर नाराजगी व्यक्त की। लापता युवक के परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे- एक सात साल का व एक तीन का बेटा है।

बैरकपुर के नोना चंदनपुकुर निवासी साईंबाबा सर्नाकर इस साल एक अप्रैल से कोलकाता के बेलियाघाटा स्थित एक निजी संस्थान में निजी सुरक्षा गार्ड का काम शुरू किया था। उससे पहले वह दूसरी जगह काम करता था। बहन ने बताया कि जून में किसी कारणवश उसका काम छूट गया था, जिसके बाद से वह बहुत निराश और आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। परिवार के अनुसार, जिस निजी एजेंसी के अंतर्गत वह सिक्युरिटी गार्ड का काम करता था, काम कराने के बावजूद उसे एक माह का वेतन तक नहीं दिया था।

13 जुलाई की सुबह-सुबह सर्नाकर अपना एक माह का बकाया वेतन लेने कोलकाता जाने की बात कह कर घर से निकला था, लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटा। बैरकपुर से सटे पलता स्टेशन से लोकल ट्रेन पकड़कर कोलकाता जाने की बात कहकर वह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अपना मोबाइल व पहचान पत्र सब भी वह घर में ही छोड़कर निकला था। इतने दिनों से उसकी गुमशुदगी से परिवार के लोगों में तरह-तरह की आशंकाएं हो रही है। परिवार ने थाना प्रभारी सहित सभी लोगों से सर्नाकर की सकुशल बरामदगी के लिए उसे खोजने में मदद की गुहार लगाई है। सर्नाकर के परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। सर्नाकर के माता-पिता बहुत साल पहले गुजर चुके हैं। पिता भारतीय सेना से रिटायर्ड थे। सर्नाकर 12वीं तक पढ़ा है।

## रसना ने आइकॉनिक ब्रांड 'जंपिन' की भारतीय बाजार में नई पारी की शुरुआत की



**कोलकाता, समाज्ञा :** दुनिया की अग्रणी इंस्टेंट ड्रिंक निर्माता कंपनी रसना प्रा. लि. ने अपने आइकॉनिक ब्रांड 'जंपिन' को भारतीय बाजार में दोबारा लॉन्च किया। 100% भारत में निर्मित यह रेडी-टू-ड्रिंक (आरटीडी) फ्रूट जूस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बी इंडियन, बाय इंडियन' अभियान के अनुरूप स्वदेशी पहल को बढ़ावा देता है। लॉन्च भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ जश्न मनाते हुए किया गया, जिसमें बीएसएफ जवानों और उनके परिवारों को जंपिन वितरित किया गया। रसना ग्रुप चेयरमैन पीरूज खंबाटा ने कहा कि यह उत्पाद भारतीय किसानों, एमएसएमई और देश की सप्लाई चेन को मजबूती देता है। जंपिन आम, संतरा, लीची और मिक्स फ्रूट फ्लेवर में 10 से 85 की किफायती कीमत पर उपलब्ध है। कंपनी का लक्ष्य आरटीडी बाजार में 1,000 करोड़ रुपये का हिस्सा हासिल करना है। तेजी से बढ़ते स्वास्थ्य व प्राकृतिक पेय बाजार में जंपिन को पौष्टिक, स्वादिष्ट और हर उम्र के उपयुक्त विकल्प के रूप में पेश किया गया है।

## बी.आर. सिंह अस्पताल ने उन्नत रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन तकनीक से दर्द प्रबंधन में हासिल की सफलता



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के बी.आर. सिंह अस्पताल ने उन्नत दर्द प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए न्यूनतम इनवेसिव रेडियोफ्रीक्वेंसी (आरएफ) एब्लेशन तकनीक की शुरुआत की है। यह आधुनिक विधि लंबे समय से दर्द झेल रहे रोगियों को दीर्घकालिक राहत देने, उनकी जीवन गुणवत्ता सुधारने और दवाओं पर निर्भरता कम करने में सहायक होगी। अस्पताल के पेन क्लिनिक में स्थापित नवीन आरएफ उपकरण से जटिल दर्द के मामलों का सफलतापूर्वक उपचार किया जा रहा है। इस तकनीक में आरएफ तरंगों से उत्पन्न ऊष्मा द्वारा चयनित नसों को निशाना बनाकर दर्द संकेतों का संचार बाधित किया जाता है, जिससे लंबे समय तक राहत मिल सकती है। हाल ही में दो मामलों में उल्लेखनीय सफलता मिली-एक रोगी को कमर के पुराने दर्द से पूर्ण राहत और दूसरे, लिवर कैंसर से पीड़ित मरीज को गंभीर पेट दर्द से लगभग मुक्ति मिली। इस उपलब्धि में डॉ. अनन्या कांती रॉय, पेन क्लिनिक व एनेस्थीसियोलॉजी टीम, मानद विशेषज्ञ डॉ. चिन्मय रॉय तथा अस्पताल निदेशक डॉ. देबाशीष गुहा का विशेष योगदान रहा।

## जमीन विवाद में भतीजे ने भरे बाजार में बुआ को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट अनुमंडल के हसनाबाद ब्लॉक के गाड़ाकुपी बाजार में गुरुवार को भरे बाजार में भतीजे ने अपने बुआ को धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। पता चला है कि लंबे समय से चल रहा जमीन का पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मृतका की पहचान शम्सुर नाहर बीबी के रूप में की गई है। बताया गया है कि इस दिन, महबूब किबरिया (28) अपनी बुआ को अपनी आंखों के सामने देखकर आगबबूला हो गया। कथित तौर पर, उसने अचानक एक धारदार हथियार उठाया और बुआ पर हमला कर दिया। व्यस्त बाजार में अचानक ऐसा नजारा देखकर खरीदार और विक्रेता दहशत में इधर-उधर भागने लगे। बाजार में मौजूद कुछ बहादुर लोग स्थिति को संभालने के लिए आगे आए और काफी मशक्कत के बाद उन्होंने हमलावर से हथियार छीन लिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बुआ शम्सुर नाहर बीबी और उनके भतीजे के बीच कई दिनों से जमीन विवाद चल रहा था। लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि संघर्ष का रूप इस तरह सामने आएगा। हमले के दौरान, पेशे से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शम्सुर नाहर बीबी गंभीर रूप से बीमार पड़ गईं। उसे तुरंत बशीरहाट जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पूरे बाज़ार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया और हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना से इलाके में काफी हड़कंप मच गया है।

## भारतीय स्टेट बैंक ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर अग्निवीरों के लिए विशेष ऋण योजना की घोषणा की

**कोलकाता :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अग्निवीरों के लिए एक विशेष पर्सनल लोन योजना शुरू की है। यह योजना भारत सरकार के अल्पकालिक 'अग्निपथ' भर्ती कार्यक्रम के तहत सशस्त्र बलों में सेवा दे रहे युवा पुरुषों और महिलाओं के लिए है। इस योजना के तहत, एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले अग्निवीर 4 लाख रुपये तक का लोन बिना किसी संपार्श्विक के हासिल कर सकते हैं। स्टेट बैंक ने इसके लिए पूरी तरह प्रोसेसिंग फीस भी माफ करने का ऐलान किया है। लोन की अदायगी अवधि अग्निपथ योजना की अवधि के अनुरूप होगी, जिससे हमारे बहादुर जवानों को अधिकतम सुविधा और लचीलापन मिलेगा। इसके अतिरिक्त, बैंक 30 सितम्बर 2025 तक सभी रक्षा कर्मियों के लिए 10.50% की न्यूनतम ब्याज दर भी प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर एसबीआई के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा , स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर, हमें अग्निवीरों के लिए यह विशेष वित्तीय उत्पाद लॉन्च करते हुए गर्व हो रहा है।

## सियालदह रेलवे स्टेशन पर विभाजन हताहत स्मरण दिवस पर दी श्रद्धांजलि




**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह रेलवे स्टेशन ने इस वर्ष 14 अगस्त को विभाजन हताहत स्मरण दिवस को गंभीर और सम्मानपूर्ण ढंग से मनाया। सियालदह रेलवे स्टेशन, 1947 में शरणार्थियों के लिए एक प्रमुख केंद्र था। हर साल इस दिन भारत विभाजन के दौरान हुई त्रासदी और पीड़ितों की स्मृति को सम्मानित किया जाता है। यह दिवस लाखों लोगों द्वारा झेली गई हिंसा, विस्थापन और अत्याचार की याद दिलाता है। समारोह के दौरान शरणार्थियों के प्रवास और संघर्ष को दर्शाती फोटो प्रदर्शनी, विभाजन के ऐतिहासिक प्रभाव को उजागर करता नुक्कड़ नाटक, और डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग आयोजित की गईं, ताकि युवा पीढ़ी को इस ऐतिहासिक घटना की मानव लागत से अवगत कराया जा सके। इस अवसर का महत्व इसलिए विशेष था क्योंकि यह न केवल उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का माध्यम था जिन्होंने अकल्पनीय कठिनाइयों का सामना किया, बल्कि शांति, एकता और करुणा के मूल्य बनाए रखने की प्रेरणा भी प्रदान करता है।

### केयरएज ग्लोबल ने अपने परिचालन के पहले साल में 50वीं ग्लोबल स्केल रेटिंग को प्रकाशित किया

**कोलकाता :** केयर रेटिंग्स लिमिटेड की सहायक कंपनी, केयरएज ग्लोबल आईएफएससी लिमिटेड (केयरएज ग्लोबल) ने अपने परिचालन के पहले वर्ष के भीतर 50वीं ग्लोबल स्केल पब्लिक रेटिंग प्रकाशित करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि केयरएज ग्लोबल के विशिष्ट और दूरदर्शी क्रेडिट रेटिंग दृष्टिकोण में बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। केयरएज ग्रुप के प्रबंध निदेशक और ग्रुप सीईओ मेहुल पांड्या ने कहा, केयरएज ग्लोबल, केयरएज ग्रुप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और हम पहले साल में की गई बड़ी प्रगति से बहुत खुश हैं। यह सफलता हमारी उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें हम वैश्विक पूंजी बाजार के लोगों को सशक्त बनाना चाहते हैं और खुद को दुनिया की पसंदीदा रेटिंग एजेंसी के रूप में स्थापित करना चाहते हैं।

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

# ब्रेथवेट एण्ड कम्पनी लिमिटेड

रेल मन्त्रालय के अन्तर्गत 'मिनीरत्न श्रेणी- I' केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम

## बीसीएल के प्रमुख व्यवसायिक कार्यक्षेत्र



वैगन निर्माण




कन्टेनर निर्माण



रेलवे कार्यशाला का संचालन एवं रखरखाव



कास्ट स्टील फाउन्ड्री



सिविल एवं अवसंरचना



पुल निर्माण एवं फैब्रिकेशन



क्रेन निर्माण



नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना



वेल्डिंग प्रशिक्षण संस्थान

- रेल मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार के स्वामित्व वाला 100% मिनीरत्न-1 सीपीएसई
- मुख्य व्यवसाय वैगन निर्माण के अतिरिक्त, अपने सभी परंपरागत व्यवसायों को पुनर्जीवित किया है और विभिन्न नए क्षेत्रों को जोड़कर व्यापार का विस्तार किया है
- भारी निर्माण कार्य के लिए नामित होने के साथ ही, भारतीय रेल के डिज़ाइन हब और सार्वजनिक परियोजनाओं के प्रबंधन परामर्शदाता के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान करता है
- भारतीय रेल को पुराने एवं अनुपयोगी वैगनों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए साइट पर सहयोग प्रदान करता है
- बीसीएल के सभी उत्पाद भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप हैं, जो 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' कार्यक्रम को प्रोत्साहित करते हैं
- आईएसओ कंटेनरों के लिए विश्वस्तरीय परीक्षण सुविधाएं और सामग्री परीक्षण के लिए एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला
- ब्रेथवेट एण्ड कम्पनी लिमिटेड वर्तमान में भारत के 15 राज्यों में विभिन्न परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है

कॉरपोरेट कार्यालय : 5, हाइड रोड, कोलकाता-700043, भारत

www.braithwaiteindia.com braithwaiteltd BraithwaiteKol braithwaite_360

# श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा

18डी, फूलराज बच्छावत पथ (सुकियस लेन), कोलकाता -700 001

सेवा, शिक्षा, साधना
1928 - 2025
Celebrating 97 years of service to mankind



79TH HAPPY Independence Day


Conveying Happy Independence Day we salute those who contributed a lot for Glory and Achievement of our Country.




**SHREE JAIN VIDYALAYA, KOLKATA**
Binod Chand Kankaria *(President)*
Manoj Kr. Bothra *(Secretary)*



**SHREE JAIN VIDYALAYA FOR GIRLS & BOYS, HOWRAH**
Vinod Minni *(President)(Girls)*
Birendra Kumar Jain (Gelra) *(President)(Boys)*
Lalit Kankaria *(Secretary)(Girls & Boys)*



**SHREE JAIN HOSPITAL & RESEARCH CENTRE, HOWRAH**
Pannalal Kochar *(President)*
Pradeep Patwa *(Secretary)*



**HCK JAIN VIDYALAYA, JAGATDAL**
Pradeep Patwa *(President)*
Subhash Chand Bhutoria *(Secretary)*



**THK JAIN COLLEGE, COSSIPORE**
Jai Bothra *(President)*
Lalit Kankaria *(Secretary)*



**KSS JAIN COLLEGE OF EDUCATION**
Virendra Singhi *(President)*
Binod Chand Kankaria *(Secretary)*



**KSD JAIN DENTAL COLLEGE & HOSPITAL**
Sardarmull Kankaria *(Chairman)*
Vinod Dugar *(Secretary)*



**SPK JAIN FUTURISTIC ACADEMY, RAJARHAT**
Pannalal Kochar *(Chairman)*
Jaideep Patwa *(Secretary)*

## OTHER ACTIVITIES AT A GLANCE :

### SHREE JAIN BOOK BANK PROJECT

Distributing New Text Books to needy students in rural areas of WB from last 45 yrs. & also distributing Computer & Fan.



### MANAV SEVA PRAKALP

Distributing free monthly ration to needy, disabled and aged people at Howrah & Cossipore.



### VICHAR MANCH

Eminent National achievers in Literature, Social, Cultural, Art, Politics and Educational fields are honoured every year from last 39 yrs.



### KUSUM SUNDER DUGAR HIGHER EDUCATION FUND

Giving Interest Free Loan to needy Students for Higher Education.

### MEN & WOMEN EMPOWERMENT PROJECTS

Interest free loan for small business, agricultural crops & distributing Sewing Machines Rural area of WB.



### NEEV - HOWRAH

Imparting free education along with Books, Stationary and other needed things to underprivileged Students.



**संरक्षक :** बालचंद भूरा, अखेचंद भंडारी, पन्नालाल कोचर, रिधकरण बोथरा, सुन्दरलाल दुगड़,

**ट्रस्टी :** सुरेन्द्र कुमार बांठिया, विनोद मिन्नी, विनोद चंद कांकरिया, आर.पी. बोथरा,

**अध्यक्ष :** सरदार मल कांकरिया | **उपाध्यक्ष :** अरूण कुमार मालू, विरेंद्र कुमार जैन (गेलरा), राजा पटवा

**मंत्री :** अशोक मिन्नी | **सहमंत्री :** चन्द्र प्रकाश डागा, मनोज भूरा | **कोषाध्यक्ष :** राजेंद्र रामपुरिया

bindumedia.co.in


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाऐं
Globe Roadways India Pvt. Ltd.
17, Tarachand Dutta Street Kolkata - 700073


स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाए
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ!
आइए हम अपने देश की स्वतंत्रता का सम्मान
करें और इसे और महान बनाने का संकल्प लें।
Naresh Kumar Agarwal
MD. Kushal Bharat Group


HAPPY
Independence
DAY
"May the flag of our nation
always fly high and inspire us.
Have a great Independence Day!"
Happy Homes & Hotels Pvt. Ltd.
11, Crooked lane, Kolkata-700069

स्वाधीनता दिवस एवं जन्माष्टमी की शुभकामना

शुद्ध देशी घी से निर्मित

फलाहारी मिष्ठान्न एवम् नमकीन

**तिवारी ब्रदर्स मिठाई शॉप**

(40 Seated Fast Food Centre
for Birthday, Anniversary Party etc.)

78/12,ब्लॉक-ई, न्यु अलीपुर : 8981026905/9007085111, 033-35928658

तिवारी ब्रदर्स, बड़ाबाजार : 6291225670, 8981026906 / 033-22688913

तिवारी स्वीट्स, कॉटन स्ट्रीट : 8981026911 / 6291183199

तिवारी कन्फेक्सनर्स : मिन्टो पार्क : 033-22871161/5613, 8276829152

काकुड़गाछी : 033-23558373 / 74, 9038488211

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**रामचन्द्र जायसवाल**

समाजसेवी, कोलकाता

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**रामनरेश जायसवाल**

Dinesh Timber Company, kolkata

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**रमेश जायसवाल**

उद्योगपति एवं समाजसेवी

Sahay Steel Industries Pvt Ltd

42/1, Hamid Munshi Lane, Howrah-7111 01

Office : Ichapur Sealdanga HIT Road, Howrah-711104

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**विजय जायसवाल**

उद्योगपति एवं समाजसेवी

PRODUCTS OF PATANJALI


**UDGEETH NIRMAN (P) LTD.**

31, Khelat Babu Lane,
Kolkata-700 037
Ph: 033-26597074

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं





**Akash Enterprise**

Govt. Licensed
Electrical contractor.

**S. P. Singh**

13,Raja Ram Mohan
Roy Road,
Maiti Para, Siriti More
Kolkata -700 041,
Mob : 9831109610
9163809610

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




**महेन्द्र जायसवाल**

अध्यक्ष :
हावड़ा जायसवाल परिवार

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**राजेश जायसवाल**


Adcom Display Pvt. Ltd.
Howrah

---




---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**जवाहर जायसवाल**

प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी

अध्यक्ष : श्री सहस्त्रार्जुन जयन्ती समारोह समिति

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**विकास जायसवाल**

प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी

अध्यक्ष : श्री सहस्त्रार्जुन जयन्ती समारोह समिति

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**उमाशंकर जायसवाल**

प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी

अध्यक्ष : जायसवाल संरक्षक संघ

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**सुरेश जायसवाल**

जायसवाल संरक्षक संघ के संस्थापक सदस्य

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



हरीश जायसवाल | श्रीरामजी जायसवाल | दिव्यांशु जायसवाल

उपाध्यक्ष : जायसवाल संरक्षक संघ

चेयरमैन : हावड़ा जायसवाल परिवार

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष : राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ


**Lakhi Iron Stores**

Office : 74, panchanantala Road, Howrah- 711 101

129, Belilious Road, Loha Bazar, Shop-157, Howrah-711 101

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**राजेन्द्र प्रसाद साव**

सुप्रसिद्ध समाजसेवी

AJAY AMAR STEEL (SALES) HOWRAH

129/9, Belilious Road, Howrah-711 101

Website : www.ajayamarsteel.com

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**बिनोद जायसवाल**

Gulabchand Lalchand & Co

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**बिनोद टंडन**

समाजसेवी

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




**महेश मीमानी**

प्रसिद्ध समाजसेवी

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**सुरेश शर्मा**

अध्यक्ष :
हरियाणा युवक संगठन

---

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**रतन अग्रवाल**

अध्यक्ष :
वेलिंगटन नागरिक कल्याण समिति

# सिंगुर में नर्सिंग होम से नंदीग्राम की युवती का फंदे से लटकता मिला शव

❑ न्याय की मांग में सड़क पर माता-पिता और आमजन

**हुगली :** पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम की रहने वाली दीपाली (24) ने तीन दिन पहले ही हुगली के सिंगुर स्थित एक नर्सिंग होम में नर्स के रूप में नौकरी जॉइन की थी। लेकिन बुधवार रात उसी नर्सिंग होम से उनका फंदे से झूलता शव बरामद हुआ। इस घटना को लेकर गुरुवार सुबह से सिंगुर में तनाव फैल गया। परिवार और स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि दीपाली की हत्या की गई है।

जानकारी के अनुसार, दीपाली ने बेंगलुरु के एक कॉलेज से नर्सिंग की ट्रेनिंग ली थी। सिंगुर के बोड़ाई तेमाथा इलाके में स्थित इस निजी नर्सिंग होम में उन्होंने एक दोस्त के जरिए मिली जानकारी पर नौकरी शुरू की थी। बुधवार रात नर्सिंग होम की चौथी मंजिल के एक कमरे से उनका शव बरामद हुआ। खबर मिलते ही परिजन नंदीग्राम से सिंगुर पहुंचे और श्रीरामपुर-चंडीतला रोड पर बैठकर विरोध जताया। दीपाली के पिता सुकुमार जाना ने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे नर्सिंग होम से फोन आया कि उनकी बेटी ने फांसी लगा ली है और उन्हें तुरंत आना है। परिवार रात साढ़े तीन बजे तक सिंगुर पहुंचा, लेकिन वहां जाकर पता चला कि पुलिस शव को थाने ले गई है। सुकुमार जाना ने सवाल उठाया कि परिवार को बिना बताए शव थाने क्यों ले जाया गया।

सुकुमार जाना का कहना है, मेरी बेटी की हत्या की गई है। मैं निष्पक्ष जांच और नर्सिंग होम के खिलाफ सख्त सजा चाहता हूं। ऐसा क्या हुआ कि तीन दिन में ही मेरी बेटी का यह हाल हो गया? वह आत्महत्या नहीं कर सकती थी। परसों रात भी उसने मुझसे अच्छे से बात की थी। नर्सिंग होम में दीपाली की सहकर्मी और मित्र मल्लिका बाउरी ने बताया कि बुधवार रात उन्होंने देखा कि दीप-ाली के कमरे का दरवाजा बंद था। खिड़की से झांकने पर उन्होंने शव देखा और बाकी लोगों को खबर दी। मल्लिका का कहना है कि दीपाली रात में बिना बताए बाहर गई थी, और लौटकर आने पर उसका फोन स्विच ऑफ था। उनका मानना है कि दीपाली घर को लेकर चिंतित थी और घर जाने की बात कर रही थी।

हुगली ग्रामीण पुलिस के एएसपी क्रीशाणु राय ने बताया, नर्सिंग होम में एक असामान्य मौत की घटना हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। परिवार मौखिक आरोप लगा रहा है, लेकिन लिखित शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।



## हावड़ा में सड़क हादसे और झगड़े के बाद वैन चालक की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बनारस रोड स्थित कोना हाई स्कूल के सामने गुरुवार को एक वैन चालक ने अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर ही दोनों के बीच कहासुनी और झगड़ा हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, गुस्से में साइकिल सवार ने वैन चालक को थप्पड़ मार दिया, जिसके तुरंत बाद चालक जमीन पर गिर पड़ा। उसे तत्काल जगदीशपुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से गुस्साए लोगों ने मौके पर आर-ोपी साइकिल सवार को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर दासनगर थाने की पुलिस पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## हावड़ा में इंजीनियरिंग छात्र की संदिग्ध मौत से फैली सनसनी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के सांकराईल में बुधवार देर रात एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र की संदिग्ध मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रंजीत सरदार (24) के रूप में हुई है, जो सोदपुर स्थित एक निजी कॉलेज में मैकेनिकल इंजीनियरिंग का छात्र था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रंजीत का रक्तरंजित शव घर की छत पर पड़ा मिला, जिसके गले की नली और हाथ की नसें धारदार हथियार से कटी हुई थीं। रात करीब एक बजे परिजनों ने खोजबीन के दौरान उसे देखा और तुरंत स्थानीय हाजी एस.टी. मल्लिक ग्रामीण अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही सांकराईल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि रंजीत मानसिक अवसाद में था और इसी कारण उसने आत्महत्या की हो सकती है। पुलिस के अनुसार, इंजीनियरिंग की पढ़ाई जारी रखने के लिए उसके पिता ने रिश्तेदारों से एक लाख रुपये से अधिक का कर्ज लिया था। इस दिसंबर में उसका कोर्स पूरा होने वाला था, लेकिन कर्ज चुकाने में असमर्थता के कारण वह तनाव में था। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मौत के सही कारणों की जांच में जुटी है।

## वीवो वी 60 ने पेश किया ज़ाइस ऑप्टिक्स

**कोलकाता :** ग्लोबल इनोवेटिव स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने पेश किया वी60, जिसमें है शानदार डिज़ाइन और एडवांस फोटोग्राफी का दमदार मेल। इसमें 17.20 सेमी (6.773) का प्रीमियम क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले, अल्ट्रा-कॉम्पैक्ट कैमरा मॉड्यूल और भारतीय सांस्कृतिक मोटिफ़ से प्रेरित आकर्षक कलर पैलेट है। गीताज़ चन्नाना, हेड ऑफ़ कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी, वीवो इंडिया ने कहा, वीवो में हमारा मिशन सिर्फ फीचर-रिच स्मार्टफोन बनाना नहीं, बल्कि लोगों की ज़िंदगी का हिस्सा बनने वाले सार्थक टेक्नोलॉजी अनुभव तैयार करना है। वी सीरीज़ ने भारत में वीवो की यात्रा में लगातार नए मानक स्थापित किए हैं। वीवो वी60 के साथ हमने वी50 की सफलता पर आगे बढ़ते हुए शानदार डिज़ाइन, पोर्ट्रेट इमेजिंग और सहज इंटेलिजेंस का मेल किया है। यह सिर्फ एक स्मार्टफोन नहीं, बल्कि एक क्रिएटिव साथी है, जो यूज़र्स को अपनी कहानियां बयां करने, जीवन के खास पलों को कैद करने और आसानी से जुड़ने की ताकत देता है। यह स्टाइल, सब्सटेंस और सिंप्लिसिटी का बेजोड़ संगम है।

## क्वांटम म्यूचुअल फंड ने कोलकाता में नया बिजनेस सेंटर खोला

**कोलकाता :** क्वांटम म्यूचुअल फंड ने कोलकाता में अपने नए बिजनेस सेंटर का उद्घाटन करने की घोषणा की है, जो वर्कब्रावो, कंकारीया एस्टेट, लिटिल रसेल स्ट्रीट पर स्थित है। यह कंपनी की विस्तार रणनीति का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत इसके वितरण नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है और पूर्वी भारत में इसकी उपस्थिति को बढ़ाया जा रहा है। इस बिजनेस सेंटर का उद्घाटन मोहित भटनागर, हेड - सेल्स, क्वांटम म्यूचुअल फंड द्वारा किया गया, जिसमें प्रमुख म्यूचुअल फंड वितरण पार्टनर्स भी मौजूद थे। यह नया केंद्र वितरक भागीदारों के साथ जुड़ाव को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह उन्हें बेहतर सेवा देने के लिए समर्पित समर्थन, प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान करेगा। इस विस्तार पर टिप्पणी करते हुए सीमांत शुक्ला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी - क्वांटम म्यूचुअल फंड ने कहा, कोलकाता हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, जहां काफी वृद्धि की संभावना है। इस नए बिजनेस सेंटर के साथ हम वितरण भागीदारों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करेंगे और उन्हें रणनीतिक एवं त्वरित समर्थन प्रदान करेंगे।

## शालीमार रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी, आरपीएफ ने सीसीटीवी से पहचान कर आरोपी दबोचा

**हावड़ा :** शालिमार रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी की घटना के मामले में ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत आरपीएफ ने एक चोर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम चंद्रशेखर साह (44) है, जो हावड़ा के निश्चिंदा थाना क्षेत्र का निवासी है। जानकारी के अनुसार, एक यात्री ने सूचना दी कि अज्ञात व्यक्ति ने उसका रेडमी मोबाइल फोन चुरा लिया है। आरपीएफ अधिकारी और कर्मचारी तुरंत सीसीटीवी कक्ष में संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर उसे पकड़ने के लिए सक्रिय हुए। इसके बाद 1 नंबर प्लेटफॉर्म से उसे मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया और गिरफ्तार आरोपी को जीआरपी शालिमार थाने में सौंप दिया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और चोरी-छिनताई जैसे अपराधों पर नियंत्रण पाना है।

# लाखों के नकली सिक्के दिखाकर व्यवसायी को ठगा, तीन आरोपी हावड़ा पुलिस ने पकड़े

**हावड़ा, समाज्ञा :** उलुबेड़िया में कम कीमत पर सोने के सिक्के बेचने के नाम पर गुजरात के एक व्यवसायी से 25 लाख रुपये ठगने के आरोप में हावड़ा ग्रामीण जिला पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हुगली के जांगिपाड़ा निवासी शेख रिजवान, अली हुसैन और पांचलर जूजुरशार निवासी वसीम आक्रम शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से साढ़े 21 लाख रुपये के 600 से 700 नकली सिक्के, सिक्का बनाने के उपकरण, रसायन, नकली नोट बनाने का कागज समेत कई अन्य सामान बरामद किया। हावड़ा ग्रामीण जिला पुलिस कार्यालय में गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला पुलिस सुपरिंटेंडेंट सुबिमल पाल ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिजवान और अली हुसैन एक-दूसरे के रिश्तेदार हैं और गुजरात के व्यवसायी मोहम्मद यासिन हनीफ से रिजवान की वहीं गुजरात में पहचान हुई थी। रिजवान ने यासिन हनीफ को कम कीमत में सोने के सिक्के देने का प्रस्ताव दिया और जब व्यवसायी कोलकाता आए, तो आरोपियों ने उन्हें एक असली सिक्का दिखाकर धोखा दिया। पुलिस सुपरिंटेंडेंट के अनुसार, जब व्यवसायी ने सिक्का खरीदने में सहमति जताई, तो आरोपियों ने जुलाई महीने में उन्हें कोलकाता बुलाया।

सुपरिंटेंडेंट ने बताया कि व्यवसायी को दक्षिण पूर्व रेलवे की हावड़ा-आमता लाइन के जगतबल्लभपुर महेन्द्रलाल नगर स्टेशन के पास बुलाया गया। वहां व्यवसायी ने सिक्कों को देखकर समझ लिया कि वे नकली हैं। इसके बाद, जब व्यवसायी ने नकली सोने के तीन सिक्के लेने से इनकार किया, तो आरोपियों ने उसे धमकाया और 25 लाख रुपये छीनकर फरार हो गए।

31 जुलाई को व्यवसायी ने जगतबल्लभपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस सुपरिंटेंडेंट ने बताया कि मामले में कुल चार अपराधियों की संलिप्तता मिली है, जिनमें से तीन को गिरफ्तार किया गया है और एक की तलाश जारी है।

# हावड़ा में जलभराव और खराब सड़कों से नाराज लोगों ने किया सड़क जाम

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में जलभराव और खराब सड़कों से परेशान स्थानीय निवासियों ने सोमवार को बनारस रोड पर जाम लगा दिया। सड़कों पर बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भरने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और वाहन पलटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। लंबे समय से सड़क की मरम्मत न होने के विरोध में लोगों ने बांस के डंडों से रास्ता अवरोध कर दिया। घुटनों तक पानी भरे गड्ढों से पैदल चलने वालों और वाहनों, दोनों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खबर मिलते ही बेंटरा और लिलुआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, हालांकि जाम जारी रहा।



इस पर हावड़ा निगम के प्रशासनिक बोर्ड के अध्यक्ष सुजॉय चक्रवर्ती ने बताया कि सुबह हुई बारिश से जलभराव बढ़ा है और पंप लगाकर पानी निकालने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान सड़क की पूरी मरम्मत संभव नहीं है, लेकिन अत्यधिक खराब हिस्सों पर तत्काल मरम्मत की जा रही है।

## वृद्ध ने वैन चालक को जड़ा थप्पड़, मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के दासनगर थाना अंतर्गत कोना इलाके में वैन से धक्का लगने के बाद एक वृद्ध का गुस्सा इस कदर फूटा कि उन्होंने तैश में आकर वैन चालक को थप्पड़ जड़ दिया। थप्पड़ लगते ही वैन चालक अचेत होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद गुस्सायें लोगों ने वृद्ध की पिटाई कर दी। घटना की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल वृद्ध को भी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद वृद्ध को गिरफ्तार कर लिया। मृतक का नाम आलोक नस्कर (51) और आरोपी का नाम असीम दास (60) है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे कोना स्कूल के पास आलोक नस्कर एक वैन में आलू की बोरियां लादकर जा रहे थे। यहीं पर असीम दास सड़क किनारे एक चाय की दुकान में चाय पी रहे थे। इसी समय वैन अनियंत्रित हो गया और चैन का पहिया असीम दास के पैर में लग गया। वृद्ध ने अपना आपा खो दिया और वैन चालक को जोरदार थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ लगते ही वैन चालक सड़क पर गिर पड़ा। उसे कोना स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुस्सायें लोगों ने वृद्ध की पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस वृद्ध को लेकर अस्पताल पहुंची और इलाज कराने के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में गृह शिक्षिका का पति गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** एक गृह शिक्षिका के पति पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप लगा है। घटना 9 अगस्त को लिलुआ थाना अंतर्गत जगदीशपुर में हुई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति को गुरुवार को हावड़ा की एक अदालत में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिक्षिका गत 9 अगस्त की दोपहर अपने पिता के घर गई थी। उस समय उसका 41 वर्षीय पति घर में अकेला था। 9 साल की बच्ची अपनी एक सहेली के साथ शिक्षिका का फीस देने उसके घर गई थी। इसके बाद, आरोपी ने कथित तौर पर बच्ची की सहेली को यह कहकर घर भेज दिया कि पैसे बदलने में समय लगेगा। इसके बाद, आरोपी ने बच्ची को घर बुलाया। कथित तौर पर, उसने बच्ची को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घर लौटने पर बच्ची दर्द से कराह उठी। उसे शारीरिक जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। गुरुवार को बच्ची के परिजनों ने लिलुआ थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद, पुलिस ने शिक्षिका के पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति को हावड़ा कोर्ट में पेश किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी के भाई जगदीशपुर ग्राम पंचायत के तृणमूल सदस्य हैं। हालांकि, इस घटना का कोई राजनीतिक संबंध नहीं है।

## तृणमूल कांग्रेस में फिर गुटबाजी, गणेश पूजा को लेकर विवाद

**हावड़ा, समाज्ञा :** गणेश पूजा को लेकर तृणमूल कांग्रेस में गुटबाजी एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। लिलुआ के चाकपाड़ा में दोपहर के समय यह विवाद तब भड़का, जब पिछले तीन वर्षों से गणेश पूजा आयोजित कर रहे चाकपाड़ा युवा मंच के सदस्यों ने डोमजूर के विधायक कल्याण घोष के समर्थकों पर पूजा पर कब्जा जमाने का आरोप लगाया। आरोप है कि विधायक के अनुयायी स्थानीय युवा तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हटाकर स्वयं पूजा करना चाहते हैं। दो दिन पहले इस मामले में विधायक के आवास पर हावड़ा सदर तृणमूल अध्यक्ष गौतम चौधरी की मौजूदगी में बैठक हुई थी, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। गुरुवार को युवा कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर घोष के खिलाफ नारेबाजी की और उन पर वसूली व धर्म के नाम पर लोगों को बांटने के आरोप लगाए। बढ़ते तनाव को देखते हुए पुलिस व आरएएफ को मौके पर तैनात किया गया। गौतम चौधरी ने गुटबाजी से इनकार करते हुए कहा कि केवल एक गणेश पूजा होगी और 16 अगस्त को दोनों पक्षों के साथ बैठक कर समाधान निकाला जाएगा। कल्याण घोष ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की।

# 50 हज़ार रुपये नकदी चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता के जोराबागान थाना क्षेत्र में गत 10 जून 2025 को एक सनसनीखेज नकदी चोरी का मामला सामने आया था। शिकायतकर्ता सुवंकर डाकुआ, जो कि ग्राम- बुधा खली, जिला दक्षिण 24 परगना के निवासी हैं, ने बताया कि सुबह 11:00 बजे से 11:30 बजे के बीच अज्ञात बदमाश ने उनके बैग से 50,000 रुपये नकद चोरी कर लिए। यह बैग 45/बी अड्डा सद्ध्या घाट रोड, जोराबागान पीएस क्षेत्र, कोलकाता स्थित एक गोदाम के सामने रखा था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज व गुप्त सूचना के आधार पर 13 अगस्त 2025 को तीन आरोपियों को दबोच लिया।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं :** ❑ सादिक अली (34), निवासी किलांगानाट, थाना ललबाग, जिला मुर्शिदाबाद। ❑ सैफुल्ला हुसैन (30), उपरोक्त पते का ही निवासी। ❑ काशिनाथ मोंडल (50), निवासी बहारग्राम, थाना पांसकुरा, जिला पश्चिम मेदिनीपुर।

इन तीनों को 13 अगस्त 2025 को लगभग 14:05 बजे पांसकुरा रेलवे स्टेशन रोड स्थित कनॉक मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आगे की पूछताछ में अन्य मामलों में भी इनकी संलिप्तता सामने आ सकती है।


**एल्युमिनो थर्मिक वेल्डिंग भागों की आपूर्ति**

**ई-निविदा सूचना सं. LMG/Engg/58 of 2025; दिनांक: 11-08-2025।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं. 1। आइटम का संक्षिप्त विवरण:** लामडिंग मंडल में सीनि. डीईएन/I/लामडिंग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत एल्युमिनो थर्मिक वेल्डिंग भागों की आपूर्ति। **निविदा मूल्य:** ₹5,66,55,621.30; **धरोहर राशि:** ₹4,33,300.00। **ई-निविदाएं** 09-09-2025 को 15.00 बजे **बंद होंगी** और 10-09-2025 को 15.00 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर 09-09-2025 को 15.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम/कार्य, लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/सी/एचडब्ल्यूएच, क्रमांक 1, ई-निविदा सं.: 115_2025-26, दिनांक 11.08.2025; कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल के अधिकार क्षेत्र में अल्यूमिनो थर्मिक एसकेवी पद्धति द्वारा रेल ज्वाइंटों की वेल्डिंग के साथ वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति एवं देखरेख। अनुमानित लागत: रु. 5,52,35,479; बयाना राशि: रु. 4,26,200; क्रमांक 2, ई-निविदा सं.: 116_2025-26, दिनांक 11.08.2025; कार्य का विवरण: हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग संयंत्र द्वारा साइट पर 60 किग्रा/52 किग्रा (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर-260), (नया/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल की फ्लैश बट वेल्डिंग। अनुमानित लागत: रु. 3,15,01,404.78; बयाना राशि: रु. 3,07,500; क्रमांक 3, ई-निविदा सं.: 117_2025-26, दिनांक 11.08.2025; कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल में प्रति पाकुड़ ब्लॉरों से 100000 घन मी मशीन से तोड़े गए हार्ड स्टोन ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति, लोडिंग एवं ओओबीबीडब्ल्यूएन टाइप रेलवे वैगनों में लोडिंग। अनुमानित लागत: रु. 18,52,62,000; बयाना राशि: रु. 10,76,300; निविदा प्रपत्र की कीमत: प्रत्येक के लिए शून्य। समापन अवधि: 9 महीने (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए) तथा 12 (बारह) महीने (क्रमांक 3 के लिए)। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: प्रत्येक के लिए 01.09.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एल्गोरिथम निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-244/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 13.08.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : क्रमांक 1, निविदा सं.: टीएन-111-25-26; कार्य का नाम: सियालदह मंडल - मंडल अभियंता/III/ सियालदह के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/ पी.वे/कृष्णनगर के अधीन कृष्णनगर-लालगोला अप एवं डाउन लाइन, रानाघाट-कृष्णनगर डाउन लाइन के बीच टीआर आर(पी) - (कुल 37,650 टीकेएम) साथ में अन्य आनुषंगिक कार्य। निविदा मूल्य : रु. 3,28,47,209.68; ईएमडी : रु. 3,14,200; क्रमांक 2, निविदा सं.: टीएन-113-25-26; कार्य का नाम: सियालदह मंडल - मंडल अभियंता/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/रानाघाट के अधीन रानाघाट-गेदे अप एवं डाउन मेन लाइन, कालीनारायणपुर-शांतिपुर अप एवं डाउन मेन लाइन के बीच टीआर आर(पी) - (कुल 34.194 टीकेएम) कार्य तथा रानाघाट में डायमण्ड क्रॉसिंग (7 सेट) के नवीनीकरण के साथ में अन्य आनुषंगिक कार्य। निविदा मूल्य : रु. 3,11,01,634.41; ईएमडी : रु. 3,05,500; कार्य समापन अवधि: प्रत्येक के लिए 12 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : 08.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय : 08.09.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-167/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/एचआर, मेट्रो रेलवे, कोलकाता** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा के जरिये निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** जाँच एवं शुरुआत के लिए चयनात्मक आउटसोर्सिंग आईओएच/पीओएच कार्य। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 9,78,220 मात्र। **बोली प्रतिभूति:** ₹19,600 मात्र। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 09.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (भा.मा.स.)। **सूचना पट्ट का पता:** मुख्य विद्युत अभियंता/आरएस, नोआपाड़ा कार डिपो कॉम्प्लेक्स, मेट्रो रेलवे, कोलकाता-700090 का कार्यालय। **वेबसाइट का विवरण :** https://www.ireps.gov.in।

**निविदा संख्या: एमआर-पीओएच-74-169**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata



**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/परियोजना,** मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष इ-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा खोलने की तिथि 08.09.2025 को 15.00 बजे है। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस प्रकार प्राप्त कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव मान्य नहीं है। **कार्य का नाम:** डीसीसी, डीएसईआर और डिपो में स्थापित सिस्टम सहित ग्रीन लाइन (एसवीएसए-एसडीएचएम) के संपूर्ण फेज-I स्टेशनों के लिए डीसीएस के साथ परंतु यूपीएस को छोड़कर सिगनलिंग सिस्टम के लिए स्थापित सभी उपकरणों हेतु तीन वर्ष के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा लागत:** रु.25,88,67,774.60, **बयाना राशि:** रु. 14,44,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु. 0.00, **कार्य समापन:** 36 माह। निविदा वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाकार के पास क्लास-III डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट अवश्य रहे एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर पन्जीकृत रहे। केवल पन्जीकृत निविदादाता इ-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। इ-निविदा में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं।

**खुली निविदा सूचना सं.: सं व द/कार्य/20-2025-आर1 दिनांक: 14.08.2025**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata



**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

**'ई' प्रोक्योरमेंट सिस्टम के लिए निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/31** **दिनांक: 14.08.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वां तल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043 खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करता है, जिन्हें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है, जैसा कि निम्नलिखित है। सभी निविदाएं 14.00 बजे बंद हो जाएंगी।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | नियत तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बयाना राशि (रु. में)) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 45253203 | 02/09/25 | आरएमपीयू कोच आदि के लिए हर्मेटिकली सीलबंद स्क्रॉल कंप्रेसर। | 173 नग | 1,53,060.00 |
| 2. | 60250022 | 21/08/25 | गैल्वेनाइज्ड प्लेट स्क्रू आदि का विनिर्माण और आपूर्ति। | 80000 नग | 88,740.00 |
| 3. | 42253062ए | 28/08/25 | 20 वाट एलईडी स्ट्रीट लाइट लुमिनेयर. | 13347 नग | 1,19,070.00 |
| 4. | 65255002ए | 29/08/25 | एचएबीओ (हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर) प्रणाली | 09 नग | 1,03,500.00 |
| 5. | 56255183 | 16/09/25 | रिले एसी इम्यून, प्लग-इन-प्रकार शैली क्यूएल 1 की आपूर्ति के लिए अनुबंध चल रहा है। | 1620 नग | 1,14, 700.00 |
| 6. | केजीपी-डब्ल्यूएस टीसी2026-28 | 11/09/25 | रेलवे सामग्री के परिवहन के लिए परिवहन अनुबंध आदि। | वेबसाइट के अनुसार | 2,44,500.00 |
| 7. | 33253060 | 23/10/25 | फ्लेक्स बॉल केबल का पूरा सेट | 73 नग | 346870.00 |
| 8. | 33255016 | 22/09/25 | संशोधित जंक्शन बॉक्स के साथ संशोधित वायरिंग की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। | 50 सेट | 203550.00 |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/जानकारी/विशिष्टताओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन वस्तुओं के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **नोट: संभावित बोलीदाता अन्य सभी निविदाओं और उसके बाद प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं।** (PR-527)

दक्षिण पूर्व रेलवे

मुस्कान के साथ सेवा



**लहेरियासराय स्टेशन पर हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए, 13043/13044 **हावड़ा - रक्सौल - हावड़ा एक्सप्रेस** नीचे वर्णित समयसूची के अनुसार **लहेरियासराय** स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर ठहराव प्रदान करेगी:

| ट्रेन नं. और नाम | लहेरियासराय पर समयसूची | | ठहराव (प्रभावी तिथि) |
|---|---|---|---|
| | आ. | प्र. | |
| 13043 हावड़ा-रक्सौल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 15.08.2025) | 10.09 | 10.11 | 16.08.2025 |
| 13044 रक्सौल-हावड़ा-एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.08.2025) | 00.38 | 00.40 | 17.08.2025 |

**टिप्पणी: सभी अन्य स्टेशनों पर ट्रेनों की समयसूची अपरिवर्तित रहेगी।**

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे



**स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट**

**निविदा सूचना सं. S/66/005/25-26; दिनांक: 12-08-2025।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**क्र.सं.-1, निविदा सं. NJ255147;**

**बंद/खुलने की तिथि: 02-09-2025**

**संक्षिप्त विवरण एवं मात्रा:** डीएलडब्ल्यू विनिर्देशन सं. डीएलडब्ल्यू/एसपीईसी/193-आईईवी-03, जुलाई'98 के अनुरूप कम रखरखाव वाला लेड एसिड बैटरी 500 एएच, 4 सेल 8 वोल्ट। कनसाइनी-एसएसई/आईसी/एमईसीडब्ल्यू/सिलीगुड़ी जं. यू. सी. सेल, मात्रा: 200 नग।

**नोट:-** निविदा सूचना और निविदा कागजात के पूर्ण विवरण के लिए निविदाकर्ता वेबसाइट (www.ireps.gov.in) को लॉग ऑन करें। भावी बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने को इच्छुक हैं को उपरोक्त वेबसाइट के साथ अपने-आप को लॉग इन करना होगा और यदि वे पहले से ही आईआरईपीएस के साथ पंजीकृत हैं तो उन्हें अपना प्रस्ताव को इलेक्ट्रॉनिकली जमा करना होगा। यदि वे आईआरईपीएस के साथ पंजीकृत नहीं हैं तो, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी एक्ट 2000 के अंतर्गत प्रमाणन एजेंसियों से क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र प्राप्त करें और उपरोक्त निविदाओं में भाग लें।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, न्यू जलपाईगुड़ी

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पूर्व रेलवे**

ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/26, दिनांक 08.08.2025; वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, तीसरी मंजिल, न्यू कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी सूचीपत्र www.ireps.gov.in पर अपलोड किए गए हैं। सूचीपत्र सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-26; सिक्वेंस सं.: लॉट सं. एवं विवरण क्रमशः निम्नलिखित हैं: एए/1; एडीबीटी-एचडब्ल्यूएच-आरपीएफ-ओएच-131-24-1, सैंथिया एवं रामपुरहाट स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 4 ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु संविदा की सुपुर्दगी। एए/2; एडीबीटी-एचडब्ल्यूएच-आरपीएफ-ओएच-132-24-1, गुस्करा, बोलपुर एवं प्रांतिक स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 9 ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु संविदा की सुपुर्दगी। एए/3; एडीबीटी-एचडब्ल्यूएच-केचडब्ल्यूएस-ओएच-133-24-1, कटवा, खगड़ाघाट रोड एवं आजिमगंज जंक्शन स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 6 ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु संविदा की सुपुर्दगी। एए/4; एडीबीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-54-25-1, हावड़ा मंडल के बेंगापुर स्टेशन के स्टेशन परिसर के भीतर 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु संविदा की सुपुर्दगी। एए/5; एडीबीटी-एचडब्ल्यूएच-केचडब्ल्यूएस-ओएच-55-25-1, हावड़ा मंडल के केचर स्टेशन के स्टेशन परिसर के भीतर 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु संविदा की सुपुर्दगी। एए/6; एडीबीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसएन-129-25-1, हावड़ा मंडल के केचार स्टेशन के स्टेशन परिसर के भीतर 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु संविदा की सुपुर्दगी। नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समय: 25.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे।

(HWH-246/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: सीनि. डीईएन/1/हावड़ा। क्रमांक 1, एनआईटी सं.: 122_2025-26, दिनांक 11.08.2025, कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल - सीनि डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधीन एईएन/एलएलएच के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नीचे उल्लेखित स्थानों में सीटीआर(पी)-22.984 किमी : एसएसई/पी.वे./... (विस्तृत स्थान सूची) ... अनुमानित लागत: रु. 4,16,26,326.32; बयाना राशि: रु. 3,58,100; क्रमांक 2, एनआईटी सं.: 123_2025-26, दिनांक 11.08.2025, कार्य का विवरण: ... (विस्तृत स्थान सूची) ... अनुमानित लागत: रु. 3,26,56,499.51; बयाना राशि: रु. 3,13,300। निविदा प्रपत्र की कीमत: प्रत्येक के लिए शून्य। समापन अवधि: प्रत्येक के लिए 12 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: प्रत्येक के लिए निविदा 01.09.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एल्गोरिथम निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-243/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# भारतीय रेल ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक लिया भाग

**कोलकाता, समाज्ञा :** 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय रेल ने बड़े उत्साह और उल्लास के साथ 'हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लिया। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य, रेलवे बोर्ड के सचिव और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी रेल भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रेलवे कर्मचारियों के बीच राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए। इस अभियान में रेलवे कर्मचारियों की व्यापक भागीदारी देखी गई। 'हर घर तिरंगा' अभियान आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा अपने घर लाने और उसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारतीय रेल ने इस अवसर पर प्रमुख रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों, भवनों और आवासीय कॉलोनियों को राष्ट्रीय ध्वज से सजाया और तिरंगे की रोशनी से जगमगाया। स्टेशन भवनों को आकर्षक ढंग से सजाया गया और प्रतिष्ठित रेलवे पुलों पर गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके अलावा, तिरंगा यात्रा और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना था।



79वें स्वतंत्रता दिवस का बच्चों में दिखा उत्साह। पूर्व संध्या पर धोती-कुर्ता में सज-धज कर उत्साहित बालक।

## शालीमार रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ बैंड की प्रस्तुति

**कोलकाता, समाज्ञा :** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज शाम देश भर के विभिन्न प्रमुख एवं ऐतिहासिक स्थलों पर आरपीएफ बैंड की प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में, शाम 5 से 6 बजे तक शालीमार रेलवे स्टेशन पर देशभक्ति धुनों पर एक भव्य ब्रास बैंड प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम दक्षिण पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा आयोजित किया जाएगा। बैंड प्रस्तुति स्थल के पास ऑपरेशन सिंदूर थीम को उजागर करते हुए एक सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किया जाएगा।


















# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक मिसाल के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा 'ऑपरेशन सिंदूर' : राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' के लिए बृहस्पतिवार को देश एवं सशस्त्र बलों के फौलादी संकल्प की सराहना की और कहा कि यह अभियान आतंकवाद के खिलाफ मानवता की लड़ाई में एक मिसाल के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्वसंध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने भारत की इस सामरिक सफलता के साथ ही आर्थिक विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, राष्ट्रीय खेल नीति, कल्याणकारी योजनाओं के लाभ, डिजिटल भुगतान की कामयाबी तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने पहलगाम हमले की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह कायरतापूर्ण और नितांत अमानीय कृत्य था। मुर्मू ने कहा,



''इस वर्ष, हमें आतंकवाद का दंश झेलना पड़ा। कश्मीर घूमने गए निर्दोष नागरिकों की हत्या, कायरतापूर्ण और नितांत अमानवीय थी। इसका जवाब भारत ने फौलादी संकल्प के साथ निर्णायक तरीके से दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया कि जब राष्ट्र की सुरक्षा का प्रश्न सामने आता है तब हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम सिद्ध होते हैं। रणनीतिक स्पष्टता और तकनीकी दक्षता के साथ, हमारी सेना ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया।'' उन्होंने कहा, ''मेरा विश्वास है कि ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की लड़ाई में एक मिसाल के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा।'' राष्ट्रपति ने इस बात को रेखांकित किया, ''हमारी एकता ही हमारी जवाबी कार्रवाई की सबसे बड़ी विशेषता थी। यही एकता, उन सभी तत्वों के लिए सबसे करारा जवाब भी है जो हमें विभाजित देखना चाहते हैं।'' उनके अनुसार, भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट करने के लिए, विभिन्न देशों में गए संसद-सदस्यों के बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में भी हमारी यही एकता दिखाई दी। मुर्मू ने कहा कि विश्व समुदाय ने भारत की इस नीति का संज्ञान लिया है कि हम आक्रमणकारी तो नहीं बनेंगे, लेकिन अपने नागरिकों की रक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करने में तनिक भी संकोच नहीं करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''ऑपरेशन सिंदूर, प्रतिरक्षा के क्षेत्र में, 'आत्मनिर्भर भारत मिशन' की परीक्षा का भी अवसर था। अब यह सिद्ध हो गया है कि हम सही रास्ते पर हैं। हमारा स्वदेशी विनिर्माण उस निर्णायक स्तर पर पहुंच गया है जहां हम अपनी बहुत सी सुरक्षा-आवश्यकताओं को पूरा करने में भी आत्मनिर्भर बन गए हैं। ये उपलब्धियां स्वाधीन भारत के रक्षा इतिहास में एक नए अध्याय का सूत्रपात हैं।''

### भारत आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने के मार्ग पर अग्रसर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की राह पर है और 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। मुर्मू ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है, महंगाई नियंत्रण में है और निर्यात बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ने कहा, ''विदेशी शासन के लंबे वर्षों के बाद, स्वतंत्रता के समय भारत भीषण गरीबी में था। लेकिन उसके बाद के 78 वर्षों में, हमने सभी क्षेत्रों में असाधारण प्रगति की है। भारत एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की राह पर है और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।''

# भारत ने पाकिस्तान को दी चेतावनी: किसी भी दुस्साहस के 'कष्टकारी परिणाम' होंगे

**नयी दिल्ली :** भारत ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी कि उसे निशाना बनाकर किये जाने वाले किसी भी दुस्साहस के लिए पड़ोसी देश को ''कष्टकारी परिणाम'' भुगतने होंगे तथा ''युद्ध भड़काने'' और ''नफरती'' बयानबाजी से दूर रहने की सलाह दी। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर द्वारा भारत को परमाणु धमकी दिये जाने तथा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एवं रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ सहित कई पाकिस्तानी नेताओं के भारत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर नयी दिल्ली की यह कड़ी प्रतिक्रिया आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ''हमने पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से भारत के खिलाफ लगातार की जा रही लापरवाह, युद्धोन्मादी और घृणास्पद टिप्पणियों से जुड़ी खबरें देखी है।'' उन्होंने कहा, ''अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत-विरोधी बयानबाजी करना पाकिस्तानी नेतृत्व का जगजाहिर तौर-तरीका है।'' जायसवाल ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के परोक्ष संदर्भ में कहा, ''पाकिस्तान को आगाह किया जाता है कि वह अपनी बयानबाजी में संयम रखे, क्योंकि किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे, जैसा कि हाल ही में प्रदर्शित किया गया है।'' पिछले हफ्ते फ्लोरिडा के टैम्पा में पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए, मुनीर ने कथित तौर पर कहा था कि अगर भविष्य में भारत के साथ युद्ध में उनके देश को अस्तित्व का खतरा पैदा होता है, तो पाकिस्तान अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भारत और ''आधी दुनिया'' को तबाह करने के लिए कर सकता है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने यह भी धमकी दी थी कि अगर भारत के बांध पाकिस्तान की ओर जाने वाले जल प्रवाह में बाधा डालते हैं, तो इस्लामाबाद उन्हें नष्ट कर देगा। मुनीर की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, भारत ने सोमवार को कहा था कि उनकी धमकी उस देश में परमाणु कमान और नियंत्रण से जुड़ी गंभीर शंकाओं को पुष्ट करती है, जहां सेना की आतंकवादी समूहों के साथ ''मिलीभगत'' है। नयी दिल्ली ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि वह किसी भी परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा।

### परस्पर सम्मान, साझा हितों के आधार पर अमेरिका के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध: भारत

भारत ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई कि अमेरिका के साथ उसके संबंध परस्पर सम्मान और साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ते रहेंगे। विदेश मंत्रालय का यह बयान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय वस्तुओं पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ (शुल्क) लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी, संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनी हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों देश अगस्त में एक महत्वपूर्ण संयुक्त सैन्य अभ्यास करने वाले हैं। जायसवाल ने कहा, ''हम उस ठोस एजेंडे पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसके लिए हमारे दोनों देशों ने प्रतिबद्धता जताई है और हमें उम्मीद है कि परस्पर सम्मान तथा साझा हितों के आधार पर संबंध आगे बढ़ते रहेंगे।''

### चीन के साथ स्थल सीमा के रास्ते व्यापार को बहाल करने के लिए कर रहे हैं बातचीत : भारत

भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह चीन के साथ निर्दिष्ट स्थल मार्गों के रास्ते व्यापार को बहाल करने के लिए पड़ोसी देश से बातचीत कर रहा है। दोनों देशों के साथ स्थल मार्ग से व्यापार 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए सैन्य गतिरोध के मद्देनजर रोक दिया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हम सभी निर्दिष्ट व्यापार बिंदुओं, अर्थात् उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा, हिमाचल प्रदेश में शिपकी ला दर्रा और सिक्किम में नाथू ला दर्रा के माध्यम से कारोबार को फिर से बहाल करने के लिए चीनी पक्ष के संपर्क में हैं।'' माना जा रहा है कि भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान सेवाएं दोबारा जल्द शुरू करने के लिए बातचीत ' अंतिम चरण' में है।

### अवैध सट्टेबाजी ऐप: ईडी ने बैंक खातों में 110 करोड़ रुपये की राशि के लेनदेन पर रोक लगाई

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि साइप्रस स्थित 'अवैध' ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 'पारिमैच' के भारतीय संचालन के खिलाफ हाल में की गई छापेमारी के बाद, संदिग्ध बैंक खातों में रखे 110 करोड़ रुपये की राशि के लेनदेन पर रोक लगा दी गई और 1,200 क्रेडिट कार्ड जब्त कर लिए गए हैं। संघीय जांच एजेंसी के अनुसार, 'पारिमैच' ऐप ने खेल टूर्नामेंटों के प्रायोजन और जानी-मानी हस्तियों के साथ साझेदारी सहित 'आक्रामक' मार्केटिंग के जरिए देश में अपनी पहचान बनाई। इस ऐप पर आरोप है कि इसने निवेशकों को ज्यादा रिटर्न का लालच देकर उनसे धोखाधड़ी की और एक साल में 3,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई की। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बयान में कहा, ''उन्होंने 'पारिमैच स्पोर्ट्स' और 'पारिमैच न्यूज' नाम से छद्म विज्ञापन चलाने के लिए भारतीय इकाइयां भी स्थापित कीं। इन एजेंसियों को भुगतान विदेश से आए धन के जरिए किया गया।'' एजेंसी ने 12 अगस्त को मुंबई, नोएडा, जयपुर, सूरत, मदुरै, कानपुर और हैदराबाद में 17 जगहों पर पारिमैच के संचालन के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज एक मामले में तलाशी ली थी।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए बीएसएफ के 18 कर्मी वीरता पदक से सम्मानित

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ''विशिष्ट बहादुरी'' और ''अद्वितीय साहस'' का प्रदर्शन करने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 18 कर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें से दो जवानों को मरणोपरांत वीर चक्र से नवाजा गया है। युद्ध में वीरता के लिए परमवीर चक्र और कीर्ति चक्र के बाद वीर चक्र तीसरा सर्वोच्च सम्मान है। बीएसएफ के उपनिरीक्षक मोहम्मद इम्तियाज और कांस्टेबल दीपक चिंगखम को वीर चक्र से सम्मानित किया गया है। केंद्र सरकार ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर उन सैनिकों के लिए वीरता पदक की घोषणा की, जिनमें से कुछ ने दुश्मन के निगरानी कैमरे नष्ट कर दिए, जबकि अन्य ने ड्रोन हमलों को निष्प्रभावी कर दिया। अर्धसैनिक बल बीएसएफ देश के पश्चिमी हिस्से में भारत-पाकिस्तान सीमा की रक्षा करने का दायित्व निभा रहा है। बीएसएफ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इस स्वतंत्रता दिवस पर 16 बहादुर सीमा प्रहरियों को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उनकी विशिष्ट बहादुरी और अद्वितीय साहस के लिए वीरता पदक से सम्मानित किया जा रहा है।'' उसने कहा, ''पदक भारत की पहली रक्षा पंक्ति : सीमा सुरक्षा बल में व्यक्त राष्ट्र के विश्वास और भरोसे का प्रमाण हैं।''

# स्वतंत्रता दिवस: दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, लाल किले के आसपास 11 हजार सुरक्षा कर्मी तैनात

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी को स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर किले में तब्दील कर दिया गया है। ऊंची इमारतों पर 'स्नाइपर' तैनात किये गए हैं, पूरे शहर में कैमरे लगाए गए हैं और मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल लाल किले के आसपास



11 हजार सुरक्षाकर्मियों और 3000 यातायात पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है और सुरक्षा को कई स्तर पर पुख्ता किया गया है। दिल्ली यातायात पुलिस ने सख्त निर्देश जारी करते हुए बृहस्पतिवार (14 अगस्त) को रात 10 बजे के बाद व्यावसायिक वाहनों के राजधानी में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। सभी प्रमुख रेलवे स्टेशन, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, हवाई अड्डे और मेट्रो स्टेशन पर चौबीसों घंटे निगरानी के लिए विशेष टीम तैनात की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की जांच, सामान की जांच और औचक पहचान पत्र का सत्यापन किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पुख्ता करने के साथ जल उपचार संयंत्रों की सुरक्षा भी बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के उत्तरी और मध्य जिलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस आयुक्त एस बी के सिंह ने ड्रोन रोधी तंत्र की निगरानी के लिए डीसीपी (पुलिस उपायुक्त)स्तर के एक अधिकारी को नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि यमुना नदी पर निगरानी बढ़ा दी गई है और नदी में स्पीड बोट तैनात की गई हैं। सिंह ने बुधवार को अधिकारियों को व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिये और यह सुनिश्चित करने को कहा कि लाल किले के आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों को दाना खिलाने की कोई जगह न हो। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, '' दिल्ली पुलिस ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के साथ समन्वय में मांसाहारी भोजनालयों से कहा है कि वे भोजन की बर्बादी का उचित तरीके से निपटान करें, ताकि पक्षियों के झुंड आकर्षित न हों।''

### न्यायालय ने व्यक्ति को अलग हुई पत्नी को 1.25 करोड़ रुपये गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एक दंपति की शादी बृहस्पतिवार को समाप्त कर दी और व्यक्ति को उससे अलग रह रही पत्नी को स्थायी गुजारा भत्ते के तौर पर 1.25 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि दंपति 2010 से अलग रह रहे थे और व्यक्ति ने मार्च 2017 में दूसरी शादी कर ली थी। पीठ ने कहा, हमें दोनों पक्षों के बीच कानूनी संबंध जारी रखने का कोई औचित्य नहीं दिखाई देता। शादी पूरी तरह से टूट चुकी है।

### केंद्रीय, राज्य बलों के 1,090 पुलिस कर्मियों के लिए सेवा पदक की घोषणा

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस से पहले, बृहस्पतिवार को विभिन्न केंद्रीय और राज्य बलों के 1,090 पुलिस कर्मियों के लिए सेवा पदक की घोषणा की। केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, 233 कर्मियों को वीरता पदक से, 99 कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 758 कर्मियों को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। मंत्रालय ने कहा, इसमें अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा तथा सुधारात्मक सेवाओं के कर्मियों के लिए पदक शामिल हैं। वीरता पदकों में से अधिकतम 152 पदक जम्मू-कश्मीर में अभियानों में शामिल सुरक्षा कर्मियों को देने की घोषणा की गयी है।

# आवारा कुत्तों का मामला: न्यायालय ने कहा कि सारी समस्या स्थानीय अधिकारियों की 'निष्क्रियता' के कारण

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की पूरी समस्या स्थानीय अधिकारियों की ''निष्क्रियता'' के कारण है। न्यायालय ने शीर्ष अदालत द्वारा 11 अगस्त को पारित निर्देशों



पर रोक लगाने के अनुरोध वाली अंतरिम अर्जी पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। शीर्ष अदालत की दो सदस्यीय पीठ ने 11 अगस्त को अधिकारियों को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सभी इलाकों से ''जल्द से जल्द'' आवारा कुत्तों को उठाना शुरू करने और कुत्तों के लिए बने आश्रय गृहों में भेजने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता में न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की तीन सदस्यीय पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा, ''सारी समस्या स्थानीय अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण है।'' पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने वाले और हस्तक्षेप के लिए याचिका दायर करने वाले सभी लोगों को जिम्मेदारी लेनी होगी। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार ने कहा कि कुत्तों के काटने से 'रेबीज' के कारण बच्चों की मौत हो रही है और आवारा कुत्तों के मुद्दे को सुलझाने की जरूरत है, न कि इस पर विवाद करने की। दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा,कोई भी जानवरों से नफरत नहीं करता। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उच्चतम न्यायालय ने सड़कों से आवारा कुत्तों को उठाने के 11 अगस्त के आदेश पर रोक लगाने संबंधी अंतरिम अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

### असम के मुख्यमंत्री ने मूल निवासियों को हथियार लाइसेंस मुहैया कराने के लिए पोर्टल की शुरुआत की

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को एक पोर्टल की शुरुआत की जिसके माध्यम से ''संवेदनशील क्षेत्रों'' में रहने वाले मूल निवासी हथियारों के लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे। शर्मा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य जिम्मेदार नागरिकों को राज्य में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सरकार की मदद करने में सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि लाइसेंस उचित जांच और बहुस्तरीय प्रक्रिया के बाद जारी किये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाइसेंस उन व्यक्तियों को दिए जाएंगे जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और जो मानसिक रूप से स्थिर हैं। उन्होंने कहा कि इन व्यक्तियों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी लेना होगा तथा यह साबित करना होगा कि वे असुरक्षित क्यों हैं। उन्होंने कहा, ''यह धार्मिक और राजनीतिक रूप से तटस्थ योजना है। लाइसेंस सभी समुदायों के उन लोगों को दिए जाएंगे जो मूल निवासी हैं और जिनकी तीन पीढ़ियां इस क्षेत्र में रह रही हैं।''

# भारतीय गोताखोर समुद्र में 5,000 मीटर की गहराई तक गया

**नयी दिल्ली :** शुभांशु शुक्ला के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने के करीब महीने भर बाद, भारत ने इस माह की शुरुआत में अपनी तरह के पहले अभियान में एक गोताखोर को समुद्र में 5,000 मीटर की गहराई तक भेजा। भारत के महत्वाकांक्षी 'डीप ओशन मिशन' की तैयारी के तहत, फ्रांस के साथ साझेदारी में दो भारतीयों ने पांच और छह अगस्त को फ्रांसीसी पनडुब्बी ''नॉटाइल'' में उत्तरी अटलांटिक महासागर में एक-एक गहरा गोता सफलतापूर्वक लगाया। राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान के वैज्ञानिक राजू रमेश पांच अगस्त को सागर में 4,025 मीटर नीचे गए, जिसके बाद छह अगस्त को भारतीय नौसेना



कमांडर (सेवानिवृत्त) जतिंदर पाल सिंह ने 5,002 मीटर की गहराई तक गोता लगाया। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, ''एक भारतीय अंतरिक्ष में और एक भारतीय गहरे समुद्र में लगभग एक साथ जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''भारत की दोहरी विजय की खोज पहले ही शुरू हो चुकी है... एक अंतरिक्ष में और दूसरी गहरे समुद्र में तथा यह भारत की आर्थिक विकास की कहानी में इन दोनों क्षेत्रों के मूल्यवर्धन की शुरुआत होगी, जो पिछले सात-आठ दशकों में अपेक्षाकृत कम खोजे गए या पूरी तरह से अनछुए रहे हैं।'' सिंह ने कहा, ''भारत से एक भारतीय अंतरिक्षयान में अंतरिक्ष में जा सकता है और उसी समय एक या अधिक भारतीय स्वदेश विकसित पनडुब्बी में गहरे समुद्र में जा सकते हैं।''

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकालने के अभियान पर रोक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने भारत में रह रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ अभियान पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, अगर कोई घुसपैठिया अवैध रूप से आएगा तो क्या होगा? अगर आप उन्हें हिरासत में नहीं लेगें तो इस दीवार पर लिखा है कि वे गायब हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वो इस मामले में जल्द ही सुनवाई करेगा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने प्रशांत भूषण के माध्यम से पश्चिम बंगाल प्रवासी श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा दायर याचिका पर सभी राज्यों को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम



कोर्ट ने एक याचिका पर राज्यों से जवाब मांगा है जिसमें आरोप लगाया गया है कि बंगाली मुसलमानों को राज्य पुलिस द्वारा केवल इस संदेह पर बेतरतीब ढंग से उठाया जा रहा है कि वे बांग्लादेशी विदेशी नागरिक हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से प्रशांत भूषण ने कहा, कोई भी पुलिस किसी व्यक्ति को सिर्फ विदेशी होने के संदेह पर हिरासत में नहीं ले सकती। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीयता सत्यापन के दौरान बंगाली मुस्लिम प्रवासियों की हिरासत पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार करते हुए टिप्पणी की कि अगर कोई घुसपैठिया अवैध रूप से घुस आए तो क्या होगा? अगर आप उन्हें हिरासत में नहीं लेंगे, तो यह तय है कि वे गायब हो जाएंगे। पश्चिम बंगाल प्रवासी श्रमिक कल्याण बोर्ड ने बंगाली प्रवासी श्रमिकों को कथित तौर पर हिरासत में लेने और बांग्लादेश वापस भेजने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

# शिल्पा शेट्टी, राज कुंद्रा पर कारोबारी से 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने अभिनेता शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ उनकी अब बंद हो चुकी कंपनी 'बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड' के साथ एक सौदे में एक कारोबारी से 60.4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बहरहाल, शेट्टी और व्यवसायी कुंद्रा का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि यह एक ''बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण मामला'' है जिसका उद्देश्य उनके मुवक्किलों की छवि खराब करना है और अपराधियों के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि 'लोटस कैपिटल फाइनेंस सर्विसेज' (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) के निदेशक एवं जुहू स्थित कारोबारी दीपक कोठारी (60) ने अपनी पुलिस शिकायत में कहा कि वह राजेश आर्या नामक व्यक्ति के जरिए राज कुंद्रा और उनकी अभिनेत्री पत्नी शिल्पा शेट्टी के संपर्क में आए थे। शिकायत के अनुसार, उस समय कुंद्रा और शिल्पा एक ऑनलाइन रिटेल मंच बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक थे। आर्या के माध्यम से उन्होंने 75 करोड़ रुपये का ऋण मांगा था, लेकिन उच्च कराधान से बचने के लिए उन्होंने इसे कथित रूप से निवेश के रूप में दिखाया।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने बांग्लादेश को राजी करें, मेघालय का केंद्र से अनुरोध

**शिलांग :** मेघालय सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से अनुरोध किया है कि वह बांग्लादेश को अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब बाड़ लगाने की अनुमति देने के लिए राजी करे, ताकि बाड़ वाले क्षेत्र से बाहर के गांवों को छोड़े बिना 40 किलोमीटर के बिना बाड़ वाले हिस्से को सुरक्षित किया जा सके। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग ने दी। अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार, सीमा पर बाड़ किसी देश की सीमा के 150 गज अंदर तक लगाई जाती है। उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग ने यह भी कहा कि मेघालय के मामले में सीमा पर बाड़ लगाने से, इसके परिणामस्वरूप कई गांव 'नो मैन्स लैंड' (जहां किसी देश का अधिकार नहीं होता) के अंतर्गत आ जाएंगे या बाड़ के बाहर आ जाएंगे, जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी।

# 'वोटर अधिकार यात्रा' के जरिए 'वोट चोरी' के खिलाफ सीधी लड़ाई शुरू कर रहे हैं: राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 17 अगस्त को वह अपनी ''वोटर अधिकार यात्रा'' के जरिये कथित ''वोट चोरी'' के खिलाफ बिहार की धरती से सीधी लड़ाई शुरू करेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि यह केवल एक चुनावी मुद्दा नहीं बल्कि लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति, एक वोट' के सिद्धांत की रक्षा का निर्णायक संग्राम है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के कई अन्य घटक दलों के नेता



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) तथा कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ 17 अगस्त से 'वोटर अधिकार यात्रा' शुरू करेंगे। सासाराम से इस यात्रा की शुरुआत होगी और इसका समापन एक सितंबर को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 'वोटर अधिकार रैली' के साथ होगा। इस जनसभा में 'इंडिया' गठबंधन के राष्ट्रीय स्तर के नेता शामिल हो सकते हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा, 17 अगस्त से 'वोटर अधिकार यात्रा' के साथ हम बिहार की धरती से वोट चोरी के खिलाफ सीधी लड़ाई छेड़ रहे हैं। यह सिर्फ एक चुनावी मुद्दा नहीं - यह लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति, एक वोट' के सिद्धांत की रक्षा का निर्णायक संग्राम है। उन्होंने कहा, हम पूरे देश में साफ-सुथरी मतदाता सूची बनवाकर ही रहेंगे। युवा, मजदूर, किसान - हर नागरिक, उठो और इस जनांदोलन से जुड़ो। राहुल गांधी ने कहा, अब की बार, वोट चोरों की हार - जनता की जीत, संविधान की जीत। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा, ''हमारे साथ बिहार के युवा 'एक व्यक्ति-एक वोट' और संविधान को बचाने के लिए निकलेंगे। साथ ही वोट चोरी को रोकेंगे। इस लड़ाई में हमें बिहार के युवाओं की जरूरत है। सभी युवाओं को हमारे साथ जुड़कर संविधान की रक्षा करनी चाहिए।''

# मृत मतदाताओं, एक से अधिक मतदाता पहचान पत्र रखने वालों की सूची पार्टियों के साथ साझा की गई: ईसी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्वाचन आयोग को बिहार की मतदाता सूची से हटाये गए 65 लाख नामों का विवरण प्रकाशित करने का निर्देश दिये जाने को लेकर आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह मृत मतदाताओं और एक से अधिक मतदाता पहचान पत्र रखने वालों की सूची राजनीतिक दलों के साथ साझा कर रहा है। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के गणना प्रपत्र में पहले से ही पहचान के प्रमाण के रूप में 'आधार' नंबर मांगा जाता है। आयोग ने कहा कि मृत और स्थायी रूप से स्थानांतरित हुए मतदाताओं की सूची 20 जुलाई से राजनीतिक दलों के साथ साझा की जा रही है। न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि वह बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों का विवरण प्रकाशित करे तथा उन्हें शामिल न करने के कारण भी बताए।

### सबूत दें, 'वोट चोरी' जैसे शब्दों का इस्तेमाल न करें : निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के आंकड़ों में कथित हेराफेरी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लगातार हमलों के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि 'वोट चोरी' जैसे गंदे शब्दों का इस्तेमाल करके झूठे विमर्श गढ़ने के बजाय सबूत दिए जाने चाहिए। आयोग ने एक बयान में कहा कि एक व्यक्ति एक वोट का कानून 1951-1952 में हुए पहले चुनावों से ही अस्तित्व में है। बयान में कहा गया है, यदि किसी के पास इस बात के सबूत हैं कि किसी व्यक्ति ने किसी चुनाव में दो बार मतदान किया है, तो उसे भारत के सभी मतदाताओं को बिना किसी सबूत के 'चोर' बताने के बजाय लिखित हलफनामे के साथ वे सबूत आयोग के साथ साझा करने चाहिए। ''

## मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की सराहना करने के बाद सपा विधायक पूजा पाल पार्टी से निष्कासित



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करने के बाद कौशांबी जिले के चायल क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) की विधायक पूजा पाल को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। अखिलेश ने पाल द्वारा योगी की सराहना किये जाने के कुछ घंटे बाद ही यह कदम उठाया है। प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर ने सदन में पिछड़े समुदाय की एक महिला विधायक को बोलने नहीं देने के लिए सपा की आलोचना की है। विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान विजन-2047 पर अनवरत 24 घंटे की चर्चा में शामिल होते हुए पूजा ने कहा कि उनके पति के हत्यारे अतीक अहमद को मौजूदा सरकार की अपराध विरोधी नीतियों ने जमीन पर ला दिया। पाल ने इसका सारा श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देते हुए कहा, मेरे पति के हत्यारे अतीक अहमद को मुख्यमंत्री ने मिट्टी में मिलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने मेरे छिपे हुए आंसू देखे, जिन्हें वर्षों तक किसी ने नहीं देखा था। सपा प्रमुख यादव ने पूजा पाल को भेजे गए निष्कासन पत्र में कहा है, 'आपके पार्टी विरोधी गतिविधियां कीं। आपको सचेत करने के बावजूद आपने इस तरह की गतिविधियां बंद नहीं की, जिसकी वजह से पार्टी को काफी नुकसान हुआ है।'

## हमारे जवान अदम्य शौर्य-साहस के साथ देश की सीमा की सुरक्षा कर रहे हैं : मुख्यमंत्री



**बीकानेर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों के अदम्य शौर्य, साहस और ताकत से बर्फीली वादियों-तपते मरुस्थल समेत देश के हर कोने में दिन-रात मुस्तैदी से सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासित व देश सेवा में समर्पित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) दुनिया के सबसे बड़े सीमा रक्षक बलों में से एक है। उन्होंने कहा कि वे सीमा पर तस्करी, घुसपैठ के प्रयासों को भी मुस्तैदी के साथ नाकाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार बीएसएफ कर्मियों व उनके परिवारजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा 79वें स्वतंत्रता दिवस से पूर्व बीकानेर में खाजूवाला के कोडेवाला आउट पोस्ट (सीमा चौकी) पर बीएसएफ के जवानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जवानों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीएसएफ जाबांजों के बीच आकर उन्हें अत्यधिक प्रसन्नता व गर्व की अनुभूति हो रही है।

## बिहार के पटना में विषाक्त भोजन खाने से तीन बच्चों की मौत

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना के खिरीमोड़ इलाके में कथित तौर पर जहरीला भोजन खाने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गयी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों की पहचान निधि कुमारी (8), उसके दो भाई विकास कुमार (6) एवं मोहित कुमार (4) के रूप में हुई है। पालीगंज-एक के विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) राजीव चंद्र सिंह ने पत्रकारों को बताया, यह घटना सोमवार रात की है, जब बच्चों ने रात का खाना खाने के बाद पेट दर्द की शिकायत की। जब उनकी हालत बिगड़ी, तो उन्हें पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां विकास और मोहित को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा, 'निधि को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गयी।' सिंह ने बताया कि आशंका है कि जहरीला खाना खाने से उनकी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# रामराज्य की अवधारणा पर आधारित होगा 2047 का उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ (उप्र) :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि विधानमंडल में चर्चा का केंद्र बना 'यूपी विजन डॉक्यूमेंट 2047' उत्तर प्रदेश को रामराज्य की अवधारणा पर आधारित एक आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने विधानमंडल के मानसून सत्र के चौथे दिन 'यूपी विजन डॉक्यूमेंट 2047' का विस्तृत खाका पेश करते हुए कहा, 'विजन डॉक्यूमेंट 2047 में उत्तर प्रदेश को न केवल आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य है बल्कि यह इसे रामराज्य की अवधारणा पर आधारित एक आदर्श राज्य के रूप में भी स्थापित करेगा।' उन्होंने कहा, 'इस विजन में आध्यात्मिक और आधुनिक विकास का एक अनूठा संगम होगा जो गंगा एवं यमुना की तरह प्रदेश की सांस्कृतिक और प्रगतिशील पहचान को दर्शाएगा। यह विजन केवल आंकड़ों, परियोजनाओं और नीतियों तक सीमित नहीं रहेगा। यह उस किसान की आशा है जो अपने खेत में सुनहरे भविष्य की फसल बो रहा है, उस छात्र की आकांक्षा है जो किताबों में अपने सपनों को देख रहा है और उस मजदूर की मेहनत है जो अपने पसीने से विकास की नींव रख रहा है। 2047 सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि हमारे सपनों का गंतव्य है।'



### उत्तर प्रदेश में साढ़े आठ से भयमुक्त व सुरक्षित महसूस कर रहे हैं लोग

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में साढ़े आठ साल से उनके कार्यकाल में लोग भयमुक्त और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। योगी ने मानसून सत्र के चौथे दिन सदन को संबोधित करते हुए अपने साढ़े आठ साल के कार्यकाल (2017-2025) की उपलब्धियों का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि 1947 से 2017 तक का उत्तर प्रदेश असुरक्षा और उच्च अपराध दर से जूझता रहा, जहां बेटियां व व्यापारी सभी असुरक्षित थे। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, 2017 से उनकी सरकार ने प्रदेश को भयमुक्त, निवेश-अनुकूल और सुरक्षित माहौल बनाने में सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है और यहां निवेशकों व आम लोगों के लिए माहौल सुरक्षित है।

### उत्तर प्रदेश और भारत को 2047 तक विकसित व आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प सर्वसम्मति से पारित

विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान बुधवार से विजन-2047 पर अनवरत शुरू हुई चर्चा का समापन बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन से हुआ, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन में 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' संकल्प पारित करने के लिए रखा।

### बलिया में टॉफी का लालच देकर दो बच्चों से कुकर्म

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक दुकानदार ने टॉफी का लालच देकर दो बच्चों से कथित तौर पर कुकर्म किया। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र के एक कस्बे में 11 अगस्त की शाम को आठ और नौ वर्ष के दो बच्चे एक दुकान के सामने खेल थे तभी अफजाल अंसारी उर्फ राजू मास्टर नामक दुकानदार ने उन्हें टॉफी का लालच देकर दुकान में बुलाया और कुकर्म किया। पुलिस के अनुसार उसने बच्चों को धमकाते हुए कहा कि वे इस बारे में किसी को कुछ न बताएं। घटना के बाद बच्चों ने परिजनों को जानकारी दी। थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि एक बच्चे की मां की तहरीर पर बुधवार को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### एक सरकारी कर्मी रिश्वत लेते रंगे हाथों हिरासत में लिया

**जयपुर :** राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बृहस्पतिवार को यहां शहर सहकारी समिति के उपरजिस्ट्रार कार्यालय के निरीक्षक को कथित तौर पर 2,75,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों हिरासत में लिया। ब्यूरो ने यह जानकारी दी।

## नीतीश ने बाढ़ प्रभावित जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को बाढ़ प्रभावित जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण कई नदियों के उफान पर होने से 10 जिलों में लगभग 25 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि कुमार ने पटना जिले के राघोपुर दियारा, रूपस महाजी, काला दियारा, रामनगर, कसाहा दियारा, मोकामा, बाढ़ और फतुहा ताल तथा बेगुसराय और मुंगेर जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के साथ इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। कुमार ने बुधवार को बाढ़ की स्थिति पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को प्रभावित लोगों के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित जिले भोजपुर, पटना, सारण, वैशाली, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के बाद गंगा, कोसी, बागमती, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और घाघरा का जलस्तर बढ़ रहा है और कई स्थानों पर ये नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

## चिराग की पार्टी की सांसद और उनके विधान परिषद सदस्य पति के पास दो ईपीआईसी कार्ड : तेजस्वी यादव



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की वैशाली लोकसभा सीट से सांसद वीणा देवी के पास दो ईपीआईसी (इलेक्ट्रॉनिक मतदाता पहचान पत्र) कार्ड हैं। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक 'पोस्ट' में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बिहार में प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से कथित तौर पर लिए गए स्क्रीनशॉट साझा किए। वीणा देवी दूसरी बार सांसद बनी हैं और वह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की अध्यक्षता वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पार्टी के टिकट पर निर्वाचित हुई हैं। तेजस्वी ने लिखा, 'वह (वीणा देवी) अपनी लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली विधानसभा सीट की पंजीकृत मतदाता हैं और इसी नाम के संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र की भी मतदाता हैं।

## सांसद वीणा देवी और उनके पति पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने का आरोप, निर्वाचन आयोग ने दिया नोटिस

**पटना :** निर्वाचन आयोग ने बिहार के वैशाली से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद वीणा देवी और उनके पति एवं जनता दल यूनाइटेड के विधान परिषद सदस्य दिनेश सिंह को कथित तौर पर दो-दो मतदाता पहचान पत्र रखने के लिए बृहस्पतिवार को नोटिस जारी किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे पहले, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि वीणा देवी और उनके पति दिनेश सिंह के पास दो ईपीआईसी (इलेक्ट्रॉनिक मतदाता पहचान पत्र) कार्ड हैं। अधिकारी ने कहा, 'मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) ने सांसद और उनके पति को नोटिस भेजकर 16 अगस्त तक दो मतदाता पहचान पत्र रखने के मुद्दे पर निर्वाचन आयोग को जवाब देने को कहा है।'






## गिल ने इंग्लैंड में जिस तरह भारतीय टीम का नेतृत्व किया, वह अविश्वसनीय था: युवराज सिंह



**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह को लगता है कि हाल के इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल का प्रदर्शन अविश्वसनीय था क्योंकि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले विदेशी हालात में उनकी बल्लेबाजी पर सवाल उठाए जा रहे थे। हाल में एंडरसन-तेंदुलकर टेस्ट श्रृंखला के दौरान गिल ने चार शतक बनाए और 754 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे। इस उपलब्धि ने उन्हें सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में टेस्ट श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाला पहला एशियाई बल्लेबाज बना दिया और इस प्रदर्शन ने मेहमान टीम को पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराने में मदद की। भारत के तीन दिग्गज विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के लंबे प्रारूप के क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद 25 वर्षीय गिल ने इस मुश्किल दौरे पर युवा टेस्ट टीम का नेतृत्व किया। युवराज ने महिला क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट के 50 दिन की उलटी गिनती पर आयोजित '50 डेज टू गो' कार्यक्रम के इतर आईसीसी डिजिटल से कहा, 'उनके विदेशी रिकॉर्ड पर कई सवालिया निशान थे। वह (गिल) कप्तान बने और चार टेस्ट शतक जड़े। यह अविश्वसनीय है कि जब आपको जिम्मेदारी दी जाती है तो आप उसे कैसे लेते हैं।' उन्होंने कहा, 'इसलिए मुझे उन पर (भारतीय टीम पर) बहुत गर्व है। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि यह हमारी जीत है, हालांकि यह श्रृंखला ड्रॉ रही क्योंकि यह युवा टीम है। और इंग्लैंड में जाकर खेलना और खुद को साबित करना आसान नहीं है।' विकेटकीपर- बल्लेबाज ऋषभ पंत, आकाशदीप और अर्शदीप सिंह के चोटिल होने और उनके मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार के कारण केवल तीन मैच खेलने के बावजूद श्रृंखला में भारत का दृढ़ संकल्प दिखा और उन्होंने ओवल में पांचवें टेस्ट में छह रन से रोमांचक जीत हासिल कर श्रृंखला बराबर कर दी।

## दिग्गज टेनिस प्लेयर लिएंडर पेस के पिता का हुआ निधन, ओलंपिक में भारत को दिलाया था ब्रॉन्ज मेडल



**कोलकाता :** म्यूनिख में 1972 में खेले गए ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य और दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस के पिता डॉ. वेस पेस का गुरुवार सुबह यहां निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। वेस पेस पार्किंसन रोग से पीड़ित थे। उन्हें मंगलवार सुबह शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बहुमुखी प्रतिभा के धनी वेस पेस विभिन्न भूमिकाओं में लंबे समय तक भारतीय खेलों से जुड़े रहे। वह भारतीय हॉकी टीम में मिडफ़ील्डर थे। उन्होंने फुटबॉल, क्रिकेट और रग्बी जैसे कई खेल भी खेले और 1996 से 2002 तक भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष भी रहे। खेल चिकित्सा के चिकित्सक के रूप में उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद, भारतीय क्रिकेट बोर्ड और भारतीय डेविस कप टीम सहित कई खेल निकायों के साथ चिकित्सा सलाहकार के रूप में काम किया।

# भारत को अपना पहला महिला विश्व कप जीतने के लिए अहम मौकों का पूरा फायदा उठाना होगा, मिताली ने कहा



**नयी दिल्ली:** पूर्व कप्तान मिताली राज का मानना है कि अगर भारत आगामी महिला एकदिवसीय विश्व कप में बड़े मैचों के दौरान अहम मौकों का फायदा उठाकर लय अपने पक्ष में कर ले तो वह लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म कर सकता है। मेजबान भारत अगले महीने होने वाले विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ टूर्नामेंट जीतने के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपने पहले विश्व खिताब की तलाश में है क्योंकि वह 50 ओवर के प्रारूप के फाइनल में दो बार चूक चुकी है। मिताली ने 'आईसीसी डिजिटल' से कहा, 'मुझे लगता है कि (भारत को) बड़े मैचों के दौरान उन छोटे मौकों का फायदा उठाने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'यही वह संतुलन है जो दावेदार टीमों के बीच है। वे उन मौकों का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने और लय को अपने पक्ष में करने की कोशिश करती हैं और भारत को उन मौकों का फायदा उठाने की जरूरत है।' वर्ष 2005 और 2017 में भारत को अपनी कप्तानी में विश्व कप फाइनल तक पहुंचाने वाली मिताली का मानना है कि खिताब जीतने से देश में महिला क्रिकेट पर एक क्रांतिकारी प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह बहुत बड़ी बात होगी। मेरा मतलब है कि यह एक ऐसी चीज है जिसे सभी खिलाड़ी, चाहे कोई भी बल्ला उठाए, जो भी देश का प्रतिनिधित्व करना चाहता हो, विश्व कप जीतना चाहेगा क्योंकि अभी तक भारत ने ऐसा नहीं किया है।'

### भारतीय महिला टीम ने वनडे विश्व कप से पहले ट्रेनिंग शिविर पूरा किया

**बेंगलुरु :** भारतीय महिला टीम ने घरेलू मैदान पर होने वाले वनडे विश्व कप से पहले 'बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में 10 दिवसीय अभ्यास शिविर पूरा किया। इस शिविर में मैच 'सिमुलेशन' (मैच की तरह की परिस्थितियों में खेलना) के अलावा 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' पर भी ध्यान दिया गया। भारतीय महिला टीम ने अब तक कोई विश्व खिताब नहीं जीता है जिससे उसकी कोशिश 30 सितंबर से शुरू होने वाले 50 ओवरों के इस महाकुंभ में आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त करने की होगी। बीसीसीआई ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'शिविर का उद्देश्य फिटनेस के स्तर को बढ़ाना, कौशल को निखारना और टीम को आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करना था।' भारतीय टीम 14 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच भी खेलेगी जिसके बाद 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी।

## शतरंज में अब भारत के युवाओं का जैसा वर्चस्व है वैसा पहले कभी नहीं था: राष्ट्रपति मुर्मू



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में वैश्विक शतरंज में भारत के दबदबे की सराहना की। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि देश खेल के क्षेत्र में 'परिवर्तनकारी बदलावों' की दहलीज पर है। अट्ठारह वर्षीय डी गुकेश पिछले साल सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने जिसके साथ भारत के शतरंज के दिग्गजों के लिए शानदार परिणामों का सत्र शुरू हुआ। इस दौरान आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती, कोनेरू हम्पी, दिव्या देशमुख और आर वैशाली जैसे खिलाड़ियों ने उच्च दबाव वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार मजबूत प्रदर्शन किया। दिव्या (19) पिछले महीने फाइनल में हम्पी को हराकर सबसे कम उम्र की महिला विश्व कप विजेता बनीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा, 'नए आत्मविश्वास से भरपूर हमारे युवा खेल-जगत में अपनी पहचान बना रहे हैं। उदाहरण के लिए, शतरंज में अब भारत के युवाओं का जैसा वर्चस्व है वैसा पहले कभी नहीं था। राष्ट्रीय खेल नीति 2025 में निहित विजन के अनुरूप हम ऐसे आमूल बदलावों की परिकल्पना कर रहे हैं जिनके बल पर भारत एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में उभरेगा।' उन्होंने कहा, 'हमारी बेटियां हमारा गौरव हैं। वे प्रतिरक्षा और सुरक्षा सहित हर क्षेत्र में अवरोधों को पार करके आगे बढ़ रही हैं। खेल-कूद को उत्कृष्टता, सशक्तीकरण और क्षमताओं का महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है। विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए 'फिडे महिला विश्व कप' का फाइनल मैच 19 वर्ष की भारत की एक बेटी (दिव्या) और 38 वर्ष की एक भारतीय महिला (हम्पी) के बीच खेला गया।'

### कीमर ने एक दौर शेष रहते चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स का खिताब जीता

**चेन्नई :** विन्सेंट कीमर ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025 शतरंज टूर्नामेंट में एक दौर शेष रहते हुए पहला एकल चैंपियन बनकर ऐतिहासिक जीत हासिल की। जर्मनी के 20 वर्षीय खिलाड़ी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए नीदरलैंड के जोर्डन वैन फॉरेस्ट के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेला। अन्य नतीजों ने कीमर की टूर्नामेंट जीत सुनिश्चित की। कीमर के दबदबे ने उन्हें लाइव रेटिंग सूची में दुनिया के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में भी पहुंचा दिया जिससे खेल के शीर्ष खिलाड़ियों में उनका प्रवेश सुनिश्चित हो गया। कीमर ने कहा, 'लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में प्रवेश करना बड़ी उपलब्धि है जिसे मैं लंबे समय से हासिल करना चाहता था और मुझे बहुत खुशी है कि आखिरकार मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई।' उन्होंने कहा, 'टूर्नामेंट जीतना और साथ ही शीर्ष 10 में जगह बनाना मेरे लिए शानदार और बेहद खास है। हालांकि टूर्नामेंट कल भी जारी रहेगा।'

## रुतुराज गायकवाड़ और पृथ्वी साव बुची बाबू टूर्नामेंट के लिए महाराष्ट्र की टीम में



**पुणे :** भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ और पृथ्वी साव को 18 अगस्त से नौ सितंबर तक चेन्नई में खेले जाने वाले अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अंकित बावने को महाराष्ट्र टीम का कप्तान बनाया गया है। यह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज साव का पहला टूर्नामेंट होगा जो वह महाराष्ट्र के लिए खेलेंगे। वह सत्र की शुरुआत से पहले मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र में शामिल हो गए थे। पिछले सत्र में मुंबई के साथ खराब प्रदर्शन के बाद खराब फिटनेस और अनुशासन के आधार पर टीम से बाहर किए जाने के बाद 25 वर्षीय यह खिलाड़ी नई शुरुआत करने के लिए उत्सुक होगा। हालांकि गायकवाड़ और विकेटकीपर सौरभ नवाले दोनों को एक मैच के बाद दलीप ट्रॉफी के लिए बेंगलुरु में पश्चिम क्षेत्र की टीम से जुड़ना होगा। पश्चिम क्षेत्र को सेमीफाइनल में सीधा प्रवेश मिला है और वह अपना पहला मैच चार सितंबर को खेलेगा।

## विश्व कप को ध्यान में रखते हुए अपनी गेंदबाजी को निखार रहे हैं मैक्सवेल



**केर्न्स (ऑस्ट्रेलिया) :** ऑस्ट्रेलिया के करिश्माई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अगले साल भारतीय उपमहाद्वीप में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए पावरप्ले के ओवरों में अधिक प्रभाव छोड़ने के लिए अपने स्पिन गेंदबाजी कौशल को निखार रहे हैं। टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा और अगर मैक्सवेल फिट रहते हैं तो उनका ऑस्ट्रेलिया की टीम में जगह बनाना तय है। वह नियमित रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते रहे हैं और भारतीय उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। मैक्सवेल ने अपनी गेंदबाजी क्षमता के बावजूद 2022 के टी20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही घरेलू श्रृंखला के बीच सबसे छोटे प्रारूप में पावर प्ले में कुल मिलाकर पांच ओवर फेंके हैं। लेकिन इस 36 वर्षीय खिलाड़ी का मानना है कि वह टी-20 विश्व कप के दौरान पावरप्ले ओवरों में उपयोगी साबित हो सकते हैं, क्योंकि नई गेंद उपमहाद्वीप के विकेटों पर बेहतर पकड़ बनाती है।

## विश्व एथलेटिक्स के निर्देश पर एएफआई ने महिला एथलीट के लिए अनिवार्य एसआरवाई जीन जांच शुरू की

**नयी दिल्ली :** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के ताजा निर्देश के अनुसार आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाली महिला खिलाड़ियों को एसआरवाई जीन जांच से गुजरना होगा। विश्व चैंपियनशिप 13 सितंबर से तोक्यो में आयोजित होने वाली है। एसआरवाई (लिंग निर्धारण क्षेत्र वाई) जीन जांच मुख्य रूप से एसआरवाई जीन की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान करने के लिए की जाती है जो भ्रूण के विकास के दौरान पुरुष लिंग निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



## फास्टैग पास व्यवस्था आज से लागू, 3,000 रुपये में 200 टोल कर सकेंगे पार





**नयी दिल्ली:** निजी कार, जीप और वैन के लिए 3,000 रुपये का सालाना राजमार्ग टोल पास की व्यवस्था आज से लागू हो जाएगी। इसके शुरू होने से पहले, सरकार ने फास्टैग-आधारित वार्षिक पास के लिए प्री-बुकिंग विंडो खोल दी है। इससे उपयोगकर्ता एक वर्ष में 3,000 रुपये के एक बार रिचार्ज पर 200 राजमार्ग टोल बूथ को पार कर सकेंगे। वार्षिक पास को सक्रिय करने के लिए अलग से एक लिंक राजमार्ग यात्रा ऐप पर उपलब्ध है। यह लिंक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा। यह वार्षिक पास केवल गैर-वाणिज्यिक निजी वाहन जैसे कार, जीप और वैन के लिए लागू होगा। इससे टोल भुगतान के लिए फास्टैग कार्ड को बार-बार रिचार्ज किए बिना राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा संभव होगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे जैसे राजमार्गों पर एक ही यात्रा में प्रवेश और निकास दोनों बिंदु शामिल होते हैं। इसका कारण टोल संग्रह केवल निकास बिंदुओं पर होता है। दूसरी ओर, दिल्ली-चंडीगढ़ जैसे खुले टोल मार्गों पर, प्रत्येक टोल प्लाजा क्रॉसिंग एक अलग यात्रा होगी। एक वर्ष में 200 ट्रिप की सीमा पूरी होने पर पास को फिर से रिचार्ज किया जा सकता है। मंत्रालय के अनुसार, जिन लोगों के वाहनों पर पहले से ही फास्टैग लगा है, उन्हें नया फास्टैग खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। वार्षिक पास केवल राष्ट्रीय राजमार्ग और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे शुल्क प्लाजा पर ही मान्य होगा।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद, सेंसेक्स 58 अंक चढ़ा

**मुंबई :** अमेरिका-रूस वार्ता से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। सेंसेक्स में 58 अंक और निफ्टी में 12 अंक की मामूली तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स दूसरे दिन भी बढ़त बनाए रखते हुए 57.75 अंक यानी 0.07 प्रतिशत चढ़कर 80,597.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 211.27 अंक बढ़कर 80,751.18 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 11.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,631.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। हालांकि, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। इसके साथ ही कारोबारी सप्ताह का समापन छह हफ्तों के बाद बढ़त पर हुआ। सेंसेक्स में इस सप्ताह कुल 739.87 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की तेजी रही जबकि निफ्टी 268 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वायदा अनुबंधों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद हुए। अमेरिका-रूस बैठक को लेकर निवेशकों का सतर्क रुख अपनाना इसका प्रमुख कारण रहा।' नायर ने कहा, 'हालांकि, अमेरिकी मुद्रास्फीति के नरम आंकड़ों से आईटी एवं दवा कंपनियों के शेयरों में तेजी रही।'

# ट्रंप-पुतिन मुलाकात में चीजें ठीक नहीं रहीं तो भारत पर बढ़ सकता है शुल्क: अमेरिकी वित्त मंत्री



(योषिता सिंह) **न्यूयॉर्क :** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने चेतावनी दी है कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शुक्रवार को होने वाली मुलाकात में 'चीजें ठीक नहीं रहीं' तो भारत पर शुल्क बढ़ सकते हैं। ट्रंप ने पिछले सप्ताह भारत पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाये जाने की घोषणा की। इसमें रूस से तेल की खरीद जारी रखने पर जुर्माने के तौर पर लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल हैं। यह अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। बेसेंट ने बुधवार को 'ब्लूमबर्ग' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'मुझे लगता है कि राष्ट्रपति पुतिन से हर कोई निराश है। हमें उम्मीद थी कि वह ज्यादा खुलकर बातचीत करेंगे। ऐसा लग रहा है कि वह संवाद के लिए तैयार हो सकते हैं। और हमने रूसी तेल खरीदने के लिए भारतीयों पर द्वितीयक (अतिरिक्त) शुल्क लगा दिया है। मुझे लगता है कि अगर चीजें ठीक नहीं रहीं, तो अतिरिक्त शुल्क बढ़ सकते हैं।' वित्त मंत्री ने रूस से कच्चे तेल के मुख्य खरीदार चीन के बारे में पूछे जाने पर कहा कि राष्ट्रपति (ट्रंप) अपने लिए लाभ की स्थिति बनाने में सर्वश्रेष्ठ हैं और वह राष्ट्रपति पुतिन के सामने यह स्पष्ट कर देंगे कि सभी विकल्प खुले हुए हैं। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति 15 अगस्त को अलास्का में बैठक करने वाले हैं।

### इंडियन ऑयल का शुद्ध लाभ जून तिमाही में दोगुना होकर 5,689 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना होकर 5,688.60 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। विपणन मार्जिन बेहतर होने से कंपनी के लाभ में बढ़ोतरी हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में इंडियन ऑयल ने 2,643.18 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अप्रैल-जून, 2025 की तिमाही में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोल एवं डीजल की मानक कीमतें गिरने के बावजूद घरेलू खुदरा कीमतें स्थिर रखने से विपणन मार्जिन बढ़ा, जिससे लाभ में यह तेजी आई। आईओसी के मुताबिक, उसके लाभ में वृद्धि ऐसे समय हुई है जब उसे मौजूदा स्टॉक पर नुकसान, रिफाइनिंग मार्जिन में गिरावट और एलपीजी सब्सिडी की अदायगी न होने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। पिछली तिमाही में कंपनी के विपणन खंड का कर-पूर्व लाभ 9,137.96 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पहले की समान तिमाही में 4,299.96 करोड़ रुपये था।

## रूसी तेल आयात पर कोई रोक नहीं, आर्थिक आधार पर खरीद जारी रखे है भारत




**नयी दिल्ली :** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चेयरमैन ए एस साहनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका की तरफ से अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बावजूद भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद नहीं किया है और सिर्फ आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की खरीद जा रही है। साहनी ने कहा कि आईओसी जैसी रिफाइनिंग कंपनियां रूस से कच्चे तेल की खरीद तभी करती हैं जब कीमत और गुणवत्ता उनके प्रसंस्करण ढांचे के अनुरूप हो। उन्होंने कहा, 'खरीद पर कोई रोक नहीं है। हम खरीद जारी रखे हुए हैं और यह फैसला सिर्फ आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। खरीद बढ़ाने या घटाने के कोई विशेष प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।' अप्रैल-जून तिमाही में आईओसी के कच्चे तेल के कुल प्रसंस्करण में रूस की हिस्सेदारी 22-23 प्रतिशत रही। रूस के यूराल ग्रेड कच्चा तेल पर पहले 40 डॉलर प्रति बैरल तक की छूट मिल रही थी, जो पिछले महीने घटकर 1.5 डॉलर रह जाने से आयात कम हो गया। अब यह छूट करीब 2.70 डॉलर प्रति बैरल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीद जारी रखने पर पिछले सप्ताह भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत आयात शुल्क की घोषणा की थी, जिससे कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है। इसके बाद रूस से तेल आयात घटाने पर चर्चा शुरू हो गई है।

## निवेशकों की भारी मांग से रीगल रिसोर्सेज के आईपीओ को 159.88 गुना अभिदान

**नयी दिल्ली :** मक्का आधारित विशेष उत्पाद निर्माता कंपनी रीगल रिसोर्सेज लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बृहस्पतिवार को शेयर बिक्री के अंतिम दिन 159.88 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 306 करोड़ रुपये के आईपीओ में 2,09,99,664 शेयरों के मुकाबले 3,35,73,63,312 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 356.73 गुना अभिदान मिला, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के हिस्से को 57.75 गुना अभिदान मिला। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) की श्रेणी को 190.97 गुना अभिदान प्राप्त हुए। रीगल रिसोर्सेज लिमिटेड ने सोमवार को एंकर निवेशकों से लगभग 92 करोड़ रुपये जुटाए। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 96-102 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। यह आईपीओ में 210 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयरों और प्रवर्तकों द्वारा 96 करोड़ रुपये मूल्य के 94.12 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इस प्रकार, निर्गम का कुल आकार 306 करोड़ रुपये हो जाता है।

## न्यूज अपडेट

### कॉग्निजेंट एक नवंबर से 80 प्रतिशत पात्र कर्मचारियों के वेतन में करेगा बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली :** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी कॉग्निजेंट ने उसके करीब 80 प्रतिशत पात्र कर्मचारियों को एक नवंबर 2025 से वेतन वृद्धि मिलने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने इससे पहले कहा था कि वह 2025 की दूसरी छमाही के दौरान अधिकतर कर्मचारियों को योग्यता-आधारित वेतन वृद्धि देने की योजना बना रही है। कॉग्निजेंट के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को कहा, 'ये बढ़ोतरी वरिष्ठ 'एसोसिएट' स्तर तक होगी। इन बढ़ोतरी की राशि व्यक्तिगत प्रदर्शन 'रेटिंग' और देश के आधार पर अलग-अलग होगी।' कंपनी के अनुसार, करीब 80 प्रतिशत पात्र कर्मचारियों को एक नवंबर 2025 से वेतन वृद्धि मिलेगी। इस वर्ष की शुरुआत में कॉग्निजेंट ने अपने अधिकतर सहयोगियों को तीन वर्ष में सबसे अधिक 'बोनस' दिए थे।

### बीएमडब्ल्यू इंडिया के वाहन एक सितंबर से तीन प्रतिशत तक महंगे होंगे


**नयी दिल्ली :** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ने एक सितंबर 2025 से अपने सभी वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने विदेशी विनिमय दर में जारी उतार-चढ़ाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के प्रतिकूल प्रभाव का हवाला देते हुए यह बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। बीएमडब्ल्यू वर्तमान में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित लक्जरी कारों एवं एसयूवी की एक श्रृंखला बेचती है। इसमें द्वितीय सीरीज ग्रैन कूप की कीमत 46.9 लाख रुपये और बीएमडब्ल्यू एक्सएम की कीमत 2.6 करोड़ रुपये है।

### भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक: जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल



**मुंबई :** जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर की गई उस हालिया टिप्पणी पर पलटवार करते हुए जिंदल ने यह बात कही जिसमें ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को 'बेजान'' बताया था। एनएसई में यहां जेएसडब्ल्यू सीमेंट के सूचीबद्धता समारोह में जिंदल ने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और इसका भविष्य उज्ज्वल है। जिंदल ने कहा, '' हम भारत का भविष्य उज्जवल देखेंगे क्योंकि भारत वृद्धि कर रहा है। यह दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। ट्रंप चाहे जो भी कहें, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं।' व्यापार नीति वार्ता के दौरान ट्रंप ने रूस से सस्ता तेल खरीदने को लेकर निराशा व्यक्त की थी और भारत को 'बेजान अर्थव्यवस्था' बताया था। ट्रम्प ने कथित तौर पर कहा था, ' मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता है कि भारत, रूस के साथ क्या करता है। वे दोनों मिलकर अपनी बेजान अर्थव्यवस्थाओं को और नीचे ला सकते हैं।'' जिंदल ने जेएसडब्ल्यू सीमेंट पर बात करते हुए कहा कि यह तेजी से विकास करेगी, क्योंकि त्वरित विकास समूह के 'डीएनए' में है। उन्होंने कहा, 'हम रूढ़िवादी नहीं हो सकते, हमें आक्रामक होना होगा और भारत को इसी की आवश्यकता है। भारत को आक्रामक कंपनियों की जरूरत है, भारत को वृद्धि की जरूरत है।' इस बीच, जेएसडब्ल्यू सीमेंट का शेयर अपने निर्गम मूल्य 147 रुपये से चार प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ।




वर्ष 10, पूर्णांक 3328 अंक 138, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in